वर्ष 24, अंक 274, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 13 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अलविदा सुरों की मलिका...

## 12,000 से अधिक गाने और 8 दशकों का करियर, सुरों की जादूगरनी आशा भोसले ने हर शैली में बिखेरा जलवा

**भारतीय** संगीत जगत की सबसे प्रभावशाली आवाजों में से एक, आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सुरों और मौलिकता के अद्भुत मेल के लिए जानी जाने वाली आशा जी ने आठ दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया। आइए उनके जीवन के कुछ सुनहरे पहलुओं पर नजर डालते हैं:

**करियर की शुरूआत**

आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर, 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में शास्त्रीय गायक पंडित दीनानाथ मंगेशकर के घर हुआ था। महज 9 साल की उम्र में पिता के निधन के बाद, उन्होंने अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ फिल्मों में गाना शुरू किया। 1943 में मराठी फिल्म 'माझा बाल' से उन्होंने अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया। हिंदी सिनेमा में उनकी शुरूआत 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से हुई थी।

**बहुमुखी प्रतिभा की मिसाल थीं आशा**

आशा जी अपनी सुरीली आवाज और हर तरह के गाने गाने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध थीं। उन्होंने फिल्म संगीत, पॉप, शास्त्रीय, भजन, गजल, कव्वाली और रवींद्र संगीत जैसी विभिन्न शैलियों में महारत हासिल की। उन्होंने 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए।

म्यूजिक आइकन्स के साथ जुगलबंदी की बात करें तो पचास से सत्तर के दशक के स्वर्णिम युग में उन्होंने मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और आर.डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के साथ मिलकर संगीत के नए मानक स्थापित किए।

**प्रमुख उपलब्धियां और सम्मान**

आशा भोसले के योगदान को देश और दुनिया ने कई बड़े सम्मानों से नवाजा गया, इनमें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (2000), पद्म विभूषण (2008), 1981 में 'उमराव जान' (दिल चीज क्या है) और 1987 में 'इजाजत' (मेरा कुछ सामान) के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार शामिल है।

**सदाबहार नगीने और आधुनिक दौर से तालमेल**

उनकी गायकी की रेंज इतनी बड़ी थी कि उन्होंने एक तरफ 'इन आंखों की मस्ती' जैसी गंभीर गजलें गाईं, तो दूसरी तरफ 'पिया तू अब तो आजा' और 'ये मेरा दिल' जैसे जोशीले कैबरे गीतों में जान फूंक दी। 90 के दशक में भी उन्होंने ए.आर. रहमान के साथ 'रंगीला रे' और 'तन्हा तन्हा' जैसे गानों के जरिए युवाओं के बीच अपनी लोकप्रियता बनाए रखी। 2013 में उन्होंने फिल्म 'माई' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर काम किया, जहां उनके अभिनय की भी काफी सराहना हुई।

**अंतरराष्ट्रीय पहचान**

भोंसले की लोकप्रियता भारत तक ही सीमित नहीं थी। 1997 में ब्रिटिश बैंड 'कॉर्नरशॉप' ने उन्हें समर्पित गाना 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' रिलीज किया था, जो यूके के चार्ट्स में टॉप पर रहा। आशा भोसले भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपनी जादुई आवाज और सदाबहार गीतों के जरिए वे हमेशा अपने प्रशंसकों के दिलों में जीवित रहेंगी।



## एक युग का अंत हर तरफ श्रद्धांजलि ही श्रद्धांजलि

### भारत ही नहीं, पाकिस्तान से भी शोक व्यक्त कर रहे लोग

## आशा भोसले के अंतिम दर्शन का समय तय, सोमवार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में अंतिम संस्कार

**बॉलीवुड** की दिग्गज सिंगर आशा भोसले ने 12 अप्रैल को अंतिम सांस ली. उनका निधन 92 साल की उम्र में हुआ. सिंगर को बीते दिन ही ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. जहां से डॉक्टर ने बताया था कि उनका ट्रीटमेंट इमरजेंसी मेडिकल सेंटर में चल रहा था. वह आईसीयू में थीं, जिसके बाद उन्होंने 12 अप्रैल को अपनी अंतिम सांस ली. ऐसे में चलिए बताते हैं कि कब उनके अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार होगा?

**आशा भोसले के अंतिम दर्शन का समय**

आशा भोसले के निधन के बाद उनके बेटे आनंद ने मीडिया से बात करते हुए रिएक्शन दिया था. इस बातचीत में उन्होंने बताया था कि आशा भोसले के पार्थिव शरीर के दर्शन उनके मुंबई वाले घर पर सुबह 11 बजे से 3 बजे तक हो सकेंगे.

**कहां होगा आशा भोसले का अंतिम संस्कार?**

वहीं, बात की जाए आशा भोसले के अंतिम संस्कार की तो दिवंगत सिंगर के बेटे आनंद ने ये भी जानकारी मीडिया के साथ बातचीत में शेयर की थी. उन्होंने बताया था कि आशा भोसले का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा. कल यानी कि 13 अप्रैल की शाम 4 बजे वह मुंबई के शिवाजी पार्क में पंचत्व में विलीन हो जाएंगी.

**घर पहुंचा आशा भोसले का पार्थिव शरीर**

आशा भोसले के निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर परिवार को भी सौंप दिया गया है. दिवंगत सिंगर का पार्थिव शरीर उनके मुंबई वाले घर पहुंच गया है. सेलेब्स भी उनके पर अंतिम दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं.

**आशा भोसले के नाम दर्ज है ये रिकॉर्ड**

आशा भोसले के करियर पर नजर डाली जाए तो उन्होंने अपनी जिंदगी में काफी स्ट्रगल्स देखे हैं. दिवंगत सिंगर ने कड़ी मेहनत के बाद इंडस्ट्री में बड़ी सफलता हासिल की और उनका नाम गिनीज वर्ल्ड बुक में भी दर्ज है. उन्होंने हिंदी समेत अलग-अलग भाषाओं में 12 हजार से ज्यादा गाने गाने के रिकॉर्ड बनाए हैं.

आशा भोसले को 2 नेशनल अवॉर्ड, 4 इत्र्रखअ अवॉर्ड, 8 महाराष्ट्र स्टेट फिल्म अवॉर्ड, 9 फिल्मफेयर अवॉर्ड और लाइफटाइम अचीवमेंट जैसे प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं।

**पीएम मोदी की राजनीतिक दलों से अपील, महिला आरक्षण कानून को 2029 से लागू करने के लिए एकजुट हों**

# दशकों पुराने इंतजार को खत्म करने का समय- पीएम

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 16 से 18 अप्रैल तक होने वाले संसद के विशेष सत्र से पहले सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण कानून) को लागू करने के लिए समर्थन मांगा है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए।



कानून में संशोधन की क्यों है जरूरत?

वर्ष 2023 में पारित मूल महिला आरक्षण कानून के अनुसार, यह आरक्षण 2027 की जनगणना के बाद होने वाली परिसीमन प्रक्रिया के बाद ही लागू हो सकता था। इस स्थिति में महिलाओं को 2034 से पहले आरक्षण मिलना संभव नहीं था। प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र में स्पष्ट किया कि विस्तृत विचार-विमर्श और विशेषज्ञों की राय के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि इसे 2029 के आम चुनाव से ही लागू किया जाना चाहिए। इसके लिए कानून के वर्तमान स्वरूप में संशोधन करना अनिवार्य है।

प्रस्तावित बदलाव

प्रधानमंत्री के अनुसार, इस संशोधन के पारित होने से देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। लोकसभा में सीटों की संख्या वर्तमान से बढ़कर 816 हो जाएगी। कुल सीटों में से 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नीति-निर्धारण और नेतृत्व में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

दशकों पुराने इंतजार को खत्म करने का समय

पीएम मोदी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि अंतरिक्ष से लेकर खेल और सशस्त्र बलों तक भारत की बेटियां अपनी काबिलियत साबित कर रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में संसद ने एकजुट होकर इस अधिनियम का समर्थन किया था, जो हमारी लोकतांत्रिक एकता का प्रतीक था। प्रधानमंत्री ने कहा, 'यह क्षण किसी एक पार्टी या व्यक्ति से ऊपर है, यह महिलाओं और हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का समय है।'

16 अप्रैल से ऐतिहासिक चर्चा

संसद के बजट सत्र की अवधि बढ़ा दी गई है और विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई है कि सभी सांसद दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस ऐतिहासिक परिवर्तन का हिस्सा बनेंगे।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 140 करोड़ भारतीयों और देश की नारी शक्ति के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी।

# बंगाल चुनाव में सीएम योगी आदित्यनाथ का टीएमसी पर बड़ा हमला

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रचार को और धार दे दी है. रविवार को नंदकुमार विधानसभा में प्रचार करने पहुंचे सीएम योगी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि जो कहते हैं कि बंगाल में उर्दू बोली जाएगी, उनसे कह दो-उर्दू जहां बोली जाती है,

वहां चले जाएं. बंगाल में बांग्ला ही बोली जाएगी.



इस संबंध में मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया हैंडल एक्स ए रेक पोस्ट भी किया है. जिसमें उन्होंने नंदकुमार विधानसभा वासियों का आभार प्रकट किया. अपने संबोधन में उन्होंने बांग्ला भाषा को लेकर बड़ा बयान दिया है.

योगी आदित्यनाथ का बयान

एक्स पर पोस्ट बयान के मुताबिक सीएम योगी ने टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा, जो कहते हैं कि बंगाल में उर्दू बोली जाएगी, उनसे कह दो-उर्दू जहां बोली जाती है, वहां चले जाएं. बंगाल में बांग्ला ही बोली जाएगी.ह्व यही नहीं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि टीएमसी बांग्ला भाषा समाप्त करना चाहती है, बंगाल समाप्त करना चाहती है. इस साजिश को सफल नहीं होने देना है.

योगी आदित्यनाथ को पसंद कर रहे हिंदी भाषी

सीएम योगी को सुनने के लिए बड़ी संख्या में हिंदी भाषियों की भीड़ जनसभाओं में जुट रही है. अपने चिर-परिचित अंदाज में वे लगातार विरोधियों को निशाना बना रहे हैं. उन्होंने नंदकुमार विधानसभा क्षेत्रवासियों को धन्यवाद दिया.

23 और 29 अप्रैल को है मतदान

यहां बता दें कि पश्चिम बंगाल में इसी महीने दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान है।

## ताने बने मौत की वजह! शक में पिता ने बेटे को नदी में फेंककर की हत्या

**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** के सातारा जिले के कराड तालुका के शिवडे गांव से एक बेहद सनसनीखेज खबर सामने आया है. गांव की सीमा में बहने वाली कृष्णा नदी के किनारे पिछले महीने 18 मार्च की सुबह एक बच्चे का लाश संदिग्ध हालत में मिला था. इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और पुलिस ने इस मामले की गंभीरता से जांच शुरू की.

शुरूआत में लाश की पहचान करना पुलिस के लिए मामूली बात नहीं थी, लेकिन लगातार कोशिशों के बाद पुलिस को सफलता मिली. इस मामले की जांच करते समय पुलिस को कुछ चौंकाने वाली जानकारी मिली. जांच में सामने आया है कि इस मासूम की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके अपने पिता ने ही की थी. मिली जानकारी के अनुसार, मृत बच्चे की पहचान कर्नाटक के विजयपुर जिले के नाग थाने गांव के सिद्धार्थ आरेकरी के रूप में हुई है. पुलिस जांच के दौरान यह बात सामने आया है।

**35 साल बाद हत्या का आरोपी गिरफ्तार**

# दिल्ली पुलिस ने साल 1991 का मर्डर केस 2026 में सुलझाया

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 35 साल पुराने एक सनसनीखेज हत्या मामले को सुलझाते हुए फरार चल रहे आरोपी को आखिरकार पकड़ लिया है. यह मामला साल 1991 का है. जिसमें एक बुजुर्ग महिला की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी और उनके बेटे पर भी जानलेवा हमला किया गया था.




2 अगस्त 1991 को थाना त्रिलोकपुरी में एक पीसीआर कॉल आई थी कि वेस्ट विनोद नगर इलाके में किसी महिला पर चाकू से हमला हुआ है. जब पुलिस मौके पर पहुंची तो करीब 55 साल की महिला गंभीर हालत में मिली जिनकी गर्दन पर कई वार किए गए थे. वहीं उनका बेटा भी चेहरे पर चोटों के साथ घायल पड़ा था. दोनों को तुरंत एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया. जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई. जबकि बेटा बच गया.

जांच में क्या सामने आया

पुलिस जांच में पता चला कि इस वारदात को घर में रहने वाले किरायेदार छवि लाल वर्मा ने अंजाम दिया था. उसने लूट के इरादे से रात में घर में घुसकर महिला और उनके बेटे पर धारदार हथियार से हमला किया था. घटना के बाद वह फरार हो गया और साल 1996 में उसे घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया.

6 महीने की लगातार जांच पर हुई कार्रवाई

क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल की टीम ने पिछले 6 महीनों से इस मामले पर लगातार काम किया. पुलिस ने आरोपी के उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर स्थित गांव और उसके रिश्तेदारों के यहां कई बार छानबीन की. आखिरकार पुख्ता जानकारी मिलने पर आरोपी की लोकेशन पंजाब के लुधियाना में मिली. 10 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर स्थानीय जांच और निगरानी के बाद आरोपी को दबोच लिया।

# दिल्ली में ट्रैफिक नियम होंगे और भी सख्त, अब चालान टालना पड़ सकता है भारी

**नई दिल्ली**

दिल्ली में ट्रैफिक नियमों को लेकर अब सख्ती और बढ़ने वाली है. सरकार ऐसे नए नियम लाने की तैयारी में है, जिससे बार-बार चालान टालने वालों पर सीधा असर पड़ेगा. अब सिर्फ जुमार्ना ही नहीं, बल्कि गाड़ी से जुड़े जरूरी काम और ड्राइविंग लाइसेंस भी खतरे में आ सकते हैं.



नए प्रस्ताव के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति ट्रैफिक चालान समय पर नहीं भरता है, तो उसकी गाड़ी से जुड़े कई जरूरी काम रुक सकते हैं. जैसे ढवउ सर्टिफिकेट, ऋअरळॅ और इंश्योरेंस का रिन्यूअल नहीं हो पाएगा. आसान भाषा में कहें तो आपकी गाड़ी सड़क पर चलने के लायक कागजों में ही अटक जाएगी. इससे लोग मजबूरी में समय पर चालान भरने को मजबूर होंगे।

# ईरान का बड़ा बयान, युद्ध में मारे गए 3,375 लोगों की हुई पहचान

**ईरान**

**अमेरिका** और ईरान के बीच पाकिस्तान के इस्लामाबाद में शांति वार्ता फेल हो गई है. अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रविवार को बताया कि दोनों देशों के बीच हुई बातचीत विफल रही. उन्होंने कहा कि 21 घंटे से अधिक समय के अथक प्रयासों के बावजूद दोनों पक्ष मतभेदों की खाई पाटने में असमर्थ रहे.

वेंस ने कहा, 'हम 21 घंटे से इस पर काम कर रहे हैं और अच्छी खबर यह है कि हमारे बीच कई सार्थक चर्चाएं हुई हैं. बुरी खबर यह है कि हम किसी समझौते पर नहीं पहुंच सके.'

जेडी वेंस ने क्या बताई बातचीत फेल होने की वजह?

अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने कहा, 'हमने अपनी सीमाएं स्पष्ट कर दी हैं कि हम किन बातों पर समझौता करने को तैयार हैं और किन पर नहीं.' उन्होंने कहा कि ईरानी डेलीगेशन ने हमारी शर्तों को स्वीकार न करने का विकल्प चुना है. जब उनसे यह बताने को कहा गया कि विवाद के प्रमुख मुद्दे क्या थे और ईरानियों ने किन बातों को ठुकराया तो उन्होंने इस बारे में विस्तार से बताने से इनकार कर दिया.

वेंस ने कहा, 'मैं अधिक विस्तार से नहीं बताऊंगा क्योंकि 21 घंटे तक बंद कमरे में बातचीत करने के बाद मैं सार्वजनिक रूप से बात नहीं करना चाहता, लेकिन सीधी सी बात यह है कि हमें उनकी ओर से इस बात की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखनी चाहिए कि वे परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करेंगे और न ही ऐसे साधन हासिल करने की कोशिश करेंगे, जिनसे वे बहुत जल्दी परमाणु हथियार हासिल कर सकें.'

बता दें कि अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस डेलीगेशन को लीड कर रहे थे।

# गुप्तकाशी से गौरीकुंड तक आसान नहीं सफर

## खराब सड़कों समेत कई भूस्खलन जोन

**केदारनाथ**

**केदारनाथ** यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए गुप्तकाशी से गौरीकुंड तक का 32 किलोमीटर का सफर इस बार आसान नहीं रहने वाला है. मार्ग में कई भूस्खलन जोन, संकरी सड़कें और खराब हालात यात्रा को चुनौतीपूर्ण बना रहे हैं. खासकर फाटा से आगे तरसाली के पास का क्षेत्र बेहद संवेदनशील बना हुआ है, जहां हालात यात्रियों के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं. हालांकि गुप्तकाशी से गौरीकुंड की दूरी ज्यादा नहीं है, लेकिन मार्ग की खराब स्थिति के कारण यह सफर सामान्य दिनों में भी एक घंटे की बजाय दो घंटे से अधिक समय ले रहा है. ऐसे में यात्रा सीजन के दौरान यातायात दबाव बढ़ने पर यह समय 4 घंटे या उससे अधिक हो सकता है.



मार्ग को सुचारु बनाए रखना बना चुनौती

यह मार्ग केदारनाथ धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मुख्य मार्ग है, इसलिए प्रशासन के सामने इसे सुचारु बनाए रखना बड़ी चुनौती बना हुआ है. यात्रा की शुरूआत गुप्तकाशी से ही जाम के साथ होती है. नगर पंचायत क्षेत्र से आगे नाला, नारायणकोटी और भते तक सड़क की स्थिति अपेक्षाकृत ठीक है, लेकिन इसकी चौड़ाई कम होने के कारण यहां यातायात दबाव बढ़ते ही परेशानी शुरू हो जाती है.

इसके बाद सेम भते से आगे असली मुश्किलें सामने आती हैं. खुमेरा क्षेत्र में सड़क दलदली हो चुकी है और यहां सुधार कार्य जारी है, लेकिन बारिश के चलते काम प्रभावित हो रहा है. ब्यूंग गाड़ क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक हैं, जहां सड़क पर मरम्मत कार्य चल रहा है. इसके आगे फाटा तक करीब 800 मीटर का संकरा मार्ग हर साल की तरह इस बार भी जाम की बड़ी वजह बन सकता है.

तरसाली के पास अत्यंत संवेदनशील रास्ता

फाटा से आगे तरसाली के पास करीब 700 मीटर का हिस्सा अत्यंत संवेदनशील बना हुआ है।

# मांडा बरहाकला के बबुरा गांव में वृद्धा की गला दबाकर हत्या

## पुलिस जांच में जुटी, गहने गायब, घर के अंदर सो रहा था नातिन

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** इलाकाई थाना मांडा क्षेत्र क्षेत्र के बबुरा गांव के बीती रात एक वृद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी गई। बदमाश रात्रि या फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। सुबह जानकारी पर परिजनों सहित ग्रामीणों के सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।

मांडा थाना क्षेत्र के दिघिया चौकी अंतर्गत बरहाकला ग्राम पंचायत के बबुरा गांव निवासिनी कस्तूरा देवी उम्र (62) वर्ष पत्नी स्वर्गीय उमा शंकर बिंद की शनिवार देर रात घर के बाहर सोते समय किसी ने गला दबाकर हत्या कर दी।

महिला के पति रेलवे कर्मी थे और पांच साल पहले सेवानिवृत्त



मृतका की फाइल फोटो

हुए थे। तथा दस माह पहले उनकी बीमारी से मौत हो चुकी है। महिला के पास केवल दो शादीशुदा बेटियां उषा और रेनू हैं। बीती रात महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने महिला का गहना भी गायब कर दिया है। रविवार सुबह जानकारी पर ग्रामीणों के सनसनी फैल गई। मौके पर भारी जनसंख्या में भीड़ जुटी हुई है।







### मांडा पुलिस जांच में जुटी

वहीं सूचना पर दिघिया चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता, दरोगा अबू तालिब जैदी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच जांच के जुट गए हैं। फिलहाल हत्या कैसे और क्यू की गई, यह अभी तक साफ नही हो सका है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नातिन के साथ अकेली रहती थी वृद्धा

बताया जाता है की पति उमाशंकर की मौत के बाद से वृद्धा अपने नातिन राधा उम्र (16) वर्ष के साथ घर में जीवन यापन कर रही थी। नातिन बीती रात घर के अंदर और वृद्धा घर के बाहर सो रही थी। मध्य रात्रि इस घटना को अंजाम देकर आरोपित रात्रि या फायदा उठाकर भाग निकले।सुबह ग्रामीण मृतका के घर की ओर से गुजरने वक्त आवाज लगाए।लेकिन वृद्धा नही उठी।इस पर एक महिला उठाने के लिए चारपाई के पास पहुंची तो मृत अवस्था के देख दंग रह गई।सोरगुल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।ग्राम प्रधान राजेश्वर यादव ने सूचना तत्काल पुलिस को दी। परिजनो सहित ग्रामीणों ने गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई है। वहीं उक्त सूचना पर एसीपी मेजा सन्त प्रसाद उपाध्याय व कार्यवाहक थाना प्रभारी माधव प्रसाद त्रिपाठी, उपनिरीक्षक चंद्रपाल सिंह,चौकी प्रभारी विक्की गुप्ता और फोरेंसिक जांच टीम घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे के लेकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद पीएम के लिए भेज दिया।

### मृतका की बेटी ने दी तहरीर

मृतका कस्तूरा देवी की बेटी ऊषा देवी ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है।उन्होंने आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग किया है। घटना को लेकर मृतक की दो बेटियां उषा और रेनू का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### नकाबपोश बदमाश ने दी थी धमकी

मृतका की बेटी ऊषा देवी और नातिन राधा ने बताया की एक माह पूर्व रात में अज्ञात बदमाश द्वारा धमकी दी गई थी।बदमाश ने कहा था की घर छोड़कर चली जाओ, वरना जान से मार देंगे।यह बात सुबह मृतका ने अपनी नातिन और बेटियो से बताई थी।

### मृतका के पति पर हुआ था जानलेवा हमला

बताया जाता है की मृतक वृद्धा के पति उमाशंकर पर भी एक वर्ष पूर्व रात में चार से पांच अज्ञात बदमाशो द्वारा जानलेवा हमला किया गया था।इस दौरान उन्हें गंभीर चोट आई थी।बेटियो द्वारा उनका इलाज कराया गया। लेकिन बीते मई 2025 में बीमारी के कारण ही पिता ने दम तोड दिया था।

### जमीनी विवाद भी सामने आया

मृतका की बेटी ऊषा के मुताबिक पड़ोस के ही रहने वाले लोगो से जमीन को लेकर विवाद वर्षो से चला आ रहा था।आए दिन कहासुनी और धमकियां मिल रही थी।

### बेटियो को संपत्ति देने का इरादा

मृतका की कुल तीन बेटियां थी। जिसमें ऊषा देवी,रेनू हैं।एक बेटी रचना की शादी के बाद बीमारी से मौत हो गई थी।जिसके दो बच्चे भी हैं।उनका ननिहाल आना जाना भी है।बताया जाता है की मृतका का जमीन को लेकर पड़ोसियों से विवाद चल रहा है।इसके कारण मृतका ऊषा और रेनू को 10 -10 विश्वा जमीन देने के इरादे से बात की थी।जबकि 12 विश्वा जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

### बोले एसीपी मेजा

एसीपी मेजा सन्त प्रसाद उपाध्याय ने बताया की वृद्धा की गला दबाकर हत्या की गई है। परिजनो की तहरीर पर शव कब्जे में लेकर पीएम भेज जांच शुरू कर दी गई है। अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।मामले के खुलासा हेतु टीम लगा दी गई है। जल्द ही घटना का अनावरण किया जायेगा।

### मृतका के शरीर पर मिले निशान

मृतका के शरीर पर खरोच के निशान मिले हैं।इससे परिजनो सहित ग्रामीणों ने आशंका जताई है की प्रथम दृष्टया वृद्धा से कहासुनी हुई है।इसके बाद बदमाशो ने गला दबाकर हत्या कर दी।वृद्धा का शव निर्वस्त्र पाए जाने की चर्चा काफी तेज रही। शरीर के कपड़े इधर उधर मिले।

### गहनों की शौकीन थी कस्तूरा

मृतका की बेटी ऊषा ने पुलिस को बताया की मां गहनों की शुरू से ही बहुत शौकीन रही। बेटी ने कहा की मां के गले में मंगलसूत्र,कान में झुमके, पेट में चांदी के कर्धन और पैर में पायल हमेशा रहा करते थे।लेकिन मौत के बाद कोई भी जेवरात नही मिले हैं। जेवरात गायब होने की भी चर्चा खूब रही।

### जमीन या लूटपाट के इरादे के हत्या

मृतका कस्तूरा देवी की हत्या जमीन या लूटपाट के इरादे से की गई है,यह हर किसी के चर्चा काफी तेज रही। क्योंकि मृतका की बेटी ने हत्या को जमीनी विवाद की ओर घुमाया है।जबकि दूसरी ओर मृतका के शरीर से गायब गहने भी लूटपाट की ओर संकेत करते नजर आ रहे हैं।इस लिए मामला संदिग्ध है की जमीनी विवाद में हत्या हुई या लूटपाट को लेकर वारदात को अंजाम दिया गया है।फिलहाल पुलिस हर बिंदुओं पर जांच के जुट गई है।

## मांडा में अपराध बढ़े, पुलिस पर गंभीर आरोप

**मांडा।** थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराधों से इलाके में सनसनी फैल गई है, जिससे लोगों में भय व्याप्त है। ग्रामीणों ने मांडा पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर आरोप लगाया है कि पुलिस राजस्व विभाग से जुड़े जमीनी विवादों में अपराधियों को संरक्षण देती है और उनसे जमकर वसूली करती है। उनका कहना है कि जब अपराधी खुलेआम घटनाओं को अंजाम देते हैं, तो पुलिस बाद में उन्हें पकड़कर वाहवाही लूटने की कोशिश करती है। आरोप है कि पुलिस आरोपियों को कहीं और से पकड़कर किसी चिन्हित स्थान से गिरफ्तारी दिखाकर जेल भेज देती है। हालांकि, जब तक किसी टीम के सभी आरोपी पकड़े नहीं जाते, तब तक उन्हें पुलिस रिपोर्ट के आधार पर न्यायालय से जमानत मिल जाती है।

ग्रामीणों के अनुसार, मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा के बीमार होने के कारण थाना एक उपनिरीक्षक अपनी मनमानी से चला रहा है। जो मेहमान के तौर पर कुछ ही समय के लिए तैनात है 'जो भी पीड़ित व्यक्ति उनकी कार्यशैली पर सवाल उठाता है, उसे जेल भेजने की धमकी दी जाती है। इससे लोग न्याय की उम्मीद छोड़ मायूस होकर घर लौट जाते हैं।

## न्यूज झरोखा

### जगत कल्याण के लिए भागवत कथा का रसपान करें : पंडित अरूण कुमार मिश्र



**करछना प्रयागराज।** पंडित चिंतामणि शुक्ला के मुखारविंद से बरदहा में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन में भगवान श्री कृष्ण के लिलाओ का अपने मधुर वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उद्धव के ब्रह्म ज्ञान और भगवान श्री कृष्ण के भक्ति भावों को प्रसंग छेणा। जिसमें गोपिकाओ के लिए भेजे गए संदेश और राधा के लिए अपना संदेश दिया। उद्धव को परमार्थ ज्ञान का और भगवान श्री कृष्ण के अलौकिक दर्शन व ज्ञान से भावविभोर कर दिया। जिसमें जरासंध का मान मर्दन,राक्षस कालयवन का वध,राजा मुचुकुं का उद्धार मथुरा से द्वारिका गमन व बलराम का विवाह और रूक्मिणी के साथ भगवान श्री के विवाह की और उनके अनेक लिलाओं का वर्णन विस्तार पूर्वक से बताया।व्यास पीठ महराज चिंतामणि शुक्ला ने भगवान श्री कृष्ण के अनेक रूपों और उनके द्वारा धर्म की पुनर्स्थापना की भी बात कही।जिसमें मुख्य रूप से गुरु महाराज पंडित विधु शेखर तिवारी,पंडित अरूण कुमार मिश्र, पंडित राम कुमार पाण्डेय, पंडित गौरव मिश्र, कथा के मुख्य यजमान राजेन्द्र प्रसाद मिश्र स पत्नी भागवत कथा के संयोजक डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र ने सभी श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।कथा श्रवण करने वालों में सर्व श्री पंडित गंगाधर मिश्र,धीरेन्द्र कुमार मिश्र, सुरेश कुमार मिश्र, डॉ. दिनेश कुमार सोनी, सुरेश कुमार मिश्र, त्रिभुवन नाथ पाण्डेय, नागेश पाण्डेय, बृज बिहारी मिश्र, रेवती रमण सोनी, विवेक कुमार मिश्र, पवनेश सोनी, सुरेश कुमार मिश्र, हरिश्चंद्र मिश्र,सहित कई श्रोतागण मौजूद रहे। आगे की कथा सुदामा चरित और परीक्षित मोक्ष की कथा है।

### चनेथू में फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन



**जंघई।** उच्च प्राथमिक विद्यालय चनेथू में रविवार को किसानों की सुविधा के लिए फार्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान दर्जनों किसानों की फार्मर रजिस्ट्री किया गया। जिन लाभार्थियों की अब तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो सकी थी, वे बड़ी संख्या में अपना पंजीकरण कराने और अन्य समस्याओं के समाधान करवाते नजर आए। कैंप के दौरान प्रधान पति मुन्ना पांडेय, हल्का लेखपाल अनुपम आनंद और पंचायत सहायक नेहा पांडेय मौके पर मौजूद रही। उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया समझाई, उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया और पंजीकरण का कार्य पूरा कराया। राम भास्कर तिवारी, त्रिभुवन उपाध्याय, साहब पांडेय, दिलीप कुमार दुबे, सूरज दुबे, रोजगार सेवक रामबहादुर, शुभ पांडेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे। लेखपाल ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए यह कैंप चलाया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य किसानों से अपील की कि अपनी फार्मर रजिस्ट्री के साथ अन्य आवश्यक संशोधन भी करवा लें, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## शंकरगढ़ में रात के उजाले में गूंजा क्रिकेट का रोमांच चिल्ला टीम ने जीत से किया धमाकेदार आगाज

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ में शनिवार देर रात खेल उत्साह अपने चरम पर देखने को मिला, जब महिला अस्पताल परिसर में नाइट क्रिकेट टूनामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। रोशनी से जगमगाते मैदान में शाम 7 बजे शुरू हुए इस टूनामेंट में स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे माहौल पूरी तरह खेलमय हो गया।

उद्घाटन मुकाबला गोलइया और चिल्ला टीम के बीच खेला गया, जिसमें चिल्ला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की और टूनामेंट की शुरूआत को यादगार बना दिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर विनोद त्रिपाठी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने युवाओं से खेल को अपनाने और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की अपील की।आयोजन समिति ने खिलाड़ियों और दर्शकों से पूरे टूनामेंट के दौरान उत्साह और खेल भावना बनाए रखने की अपील की है।कार्यक्रम में ईओ अमित कुमार,






समाजसेवी सुधा गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अनूप केशरवानी, रोहित केसरवानी, मीडिया प्रभारी रामजतन बंसल, पंकज गुप्ता, नितेश केसरवानी, दीपक तिवारी, सुजीत केसरवानी और सुरेश केसरवानी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता को और रोचक बनाने के लिए आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा भी की गई है। विजेता टीम को 21 हजार रुपये और उपविजेता को 11 हजार रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। साथ ही हर मैच में मैन ऑफ द मैच और पूरे टूनामेंट में श्रेष्ठ खिलाड़ी को ह्यमैन ऑफ द सीरीजह्व से सम्मानित किया जाएगा।इस आयोजन की जिम्मेदारी एक सक्रिय समिति संभाल रही है, जिसमें संयोजक दुर्गेश सिंह बघेल, अध्यक्ष बलवीर सिंह, मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष देवा सोनी, कोषाध्यक्ष अतुल खान, लाला सिंह और मून द्विवेदी सहित कई कार्यकर्ता शामिल हैं।

## बाबा तेरा मिशन अधूरा, अखिलेश यादव करेंगे पूरा : ननकेश बाबू

**करछना।** माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र करछना में भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से अपने सभी 38 सेक्टरों में मनाएगा। आगामी 14 अप्रैल दिन मंगलवार को आयोजित बाबा साहब जयंती समारोह में जिला, विधानसभा ,ब्लॉक, सेक्टर एवं बूथ के सम्मानित पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे तथा प्रत्येक सेक्टर प्रभारी कार्यक्रम के संयोजक रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में बाबा साहब द्वारा पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं सर्वहारावर्ग के लिए किए गए अतुलनीय कार्यों पर चर्चा होगी। सम्पूर्ण विधानसभा में प्रभात फेरिया निकाली जाएंगी तथा सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से अपील है कि भारी से भारी संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने मे अपना योगदान दें।

## फोन पर बात करते समय युवक आया ट्रेन की चपेट में मौत

**करछना।** रविवार सुबह औद्योगिक थाना क्षेत्र पुराने पेट्रोल पंप के सामने रेलवे पर ट्रेन की चपेट में आने से यूवक की मौत हो गई। वहां आसपास किसी की दुकान नहीं। घटना रविवार सुबह 11:00 बजे। थोड़ी ही देर बाद लोगों ने उसकी पहचान की। औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलिवाबाद ओवर ब्रिज के समीप युवक की पहचान शादाब 22 पुत्र रफीक निवासी मुगारी के गलिवाबाद के रूप में हुई है।कुछ लोगों ने यह भी चर्चा किया कि युवक रेलवे ट्रैक के पास फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गांव में यह भी चर्चा रही कि किसी बात को लेकर पिता पुत्र में कुछ झगड़ा भी हुए थे। मौत की सूचना मिलते घर पर भी कोहराम मचा रहा।औद्योगिक क्षेत्र दरोगा ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की आगे की जांच पड़ताल की जा रही है।

## आइजीआरएस ,सम्पूर्ण समाधान दिवस व्यवस्थाएं फर्जी निस्तारण समस्याएं बरकरार

### मुख्यमंत्री जी और जिलाधिकारी कृपया ध्यान दें, जांच और दंडात्मक कार्यवाही की दरकार

**शहजादे**

**कोरांव।** सरकार ने जन समस्याओं के गुणवत्ता पूर्वक समाधान किए जाने का प्राविधान किया है जिससे त्वरित न्यायोचित कार्यवाही सुनवाई एवं मौके पर निस्तारण हो सके लेकिन शिकायतों का निस्तारण ज्यादातर फर्जी किया जा रहा है जिससे समस्याएं और विवाद तथा शिकायतों की रफ्तार घटने का नाम नहीं के रही है। इसके लिए सदर ए रियासत एवं वजीर ए आला उत्तर प्रदेश और जिले के सर्वोच्च अधिकारी जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट किया गया है। किंतु अमल नहीं हो रहा झुठी निस्तारण की वाहवाही लूटी जा रही है।

दरअसल जनता दर्शन, जनसुनवाई, सीएम हेल्प लाइन, पीजी पोर्टल, आइजीआरएस, संपूर्ण तहसील एवं थाना समाधान दिवस, किसान दिवस, हो सब ज्यादातर कागजों पर ही निस्तारण हो रहे हैं। जिससे शिकायतों का अंबार लगता जा रहा है। सबसे ज्यादा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग का नाम आगे दिखता है। घुमा फिरा कर और फर्जी गवाह और उनके मोबाइल नंबर दर्शा कर अथवा मिसकॉल करके स्थलीय जांच निस्तारण समाधान दर्शा दिया जा रहा है।

**कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं-**

- शिकायत संख्या 40017526023877 दिनांक 4 अप्रैल 2026 को अशोक कुमार जायसवाल निवासी कस्बा कोरांव ने पुलिस अधिकारियों को शिकायत किया था कि किंतु निस्तारा किसी और की शिकायत संख्या 40017526021515 का निस्तारण किया गया जब इसकी शिकायत की गई तो दूसरे के आवेदन पर ही फाइनल निस्तारण कर क्लॉज कर दिया गया ताकि फीड बैंक न कर सके।
- शिकायत संख्या 40017526001352 दिनांक 7 जनवरी 2026 को ग्राम प्रधान अल्हवा ए ए सिद्दीकी ने आर टी आई 2005 से संबंधित आयुक्त प्रयागराज मंडल एवं जिलाधिकारी को दिए गए पत्र की कृत कार्यवाही की सूचना न दिए जाने हेतु शिकायत किया तो तहसील कोरांव के राजस्व अफसरों ने किसी दूसरे के शिकायत संख्या 4001752604654 किसी शिकायत करता संतोष कुमार का प्रकरण दिखा कर निस्तारण दिखा दिया। जो सासन की मंशा के विपरीत है।
- इसी तरहक ग्राम प्रधान अल्हवा तहसील कोरांव प्रयागराज ने प्रधान निर्वाचित होने के बाद वर्ष 2021/22 से अपनी ग्राम सभा की नवीन परती बंजर को दुरुपयोग से बचाने के लिए पात्र भूमि हीनों को आवंटन का प्रस्ताव किया और पत्रावली स्वीकृति हेतु एसडीएम के पास प्रस्तुत किए जाने का पत्राचार निरंतर करते आ रहे सैकडो बार मांग किया आयुक्त, डीएम सीआर ओ प्रयागराज ने कई बार आदेश निर्गत किए किंतु राजस्व कर्मी किसी भी अधिकारी का आदेश नहीं मान रहे न ही अधिकारी ऐसे कर्मचारी की सस्पेंड कर रहे क्यों की भू माफियाओं से साथ गांठ हैं।

**विधायक के भी निर्देश का नहीं दिख रहा असर**

भाजपा के क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल ने एसडीएम और जिलाधिकारी को दो बार पत्र लिख कर एवं एसडीएम तहसीलदार कोरांव को फोन तथा सामने मौखिक रूप से भी सिफारिश किया किंतु लेखपाल कर्मचारी ऐसे पावर फूल हैं कि उन्हें कोई दंडित ही नहीं कर पा रहे। मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी प्रयागराज से गुणवत्ता विहीन फर्जी निस्तारण की क्रास चेकिंग करा कर दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की मांग की गई है।

## प्रधान संघ ने समय पर पंचायती चुनाव कराने को लेकर विकासखंड कार्यालय पर हुए संगठित



**करछना।** विकासखंड कार्यालय पर अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के बैनर तले बैठक बुलाई गई जिसमें करछना विकास खंड के अध्यक्ष अवतार किशन सिंह के साथ 80 ग्राम प्रधानों के साथ चाका विकास खंड के प्रधान के साथ अखिल भारतीय ग्राम प्रधान के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे बैठक में सरकार से मांग की गई की पंचायत चुनाव को समय से कराए जाने की मांग करते हुए कहा की यदि चुनाव समय से नहीं कराएं गये तो प्रशासक नियुक्त करने के बजाय प्रधान को ही वित्तीय पावर दिया जाय जिससे प्रधानो के मान-सम्मान को ठेस न पहुंचे और ग्राम सभा का कार्य भी प्रधान करा सके यदि हम लोगों की मांग पुरी नहीं हुई तो हम सभी प्रधानों के साथ विकासखंड कार्यालय में तालाबंदी करते हैं थरना प्रदर्शन करेंगे इस, मौके पर नीलम पथिक अखिल भारतीय ग्राम प्रधान की प्रदेश अध्यक्ष , धीतेश तिवारी प्रधान संघ महामंत्री, रमेश मिश्रा तरौल , मुख्तार अहमद, धर्मराज पटेल, बृजेश मौर्या , परमानंद मौर्य , रवि शंकर पटेल, दीक्षा मिश्रा , शिव गणेश पटेल , लाल बहादुर पाल कृष्ण देव कोटार्य, दीप नारायण पटेल , नागेश पांडे, जगजीवन राम सहित भारी संख्या में प्रधान मौजूद रहे और सरकार से पंचायती राज चुनाव को जल्द करने की मांग की।

## भव्य कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ, कथा व्यास ने बताई कथा का महात्म्य

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के थानापुर गांव में आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा व्यास आचार्य श्री यशोदा नंदन जी महाराज की अगुवाई में निकाली गई इस शोभायात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा कथा स्थल से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करते हुए पुनः कथा स्थल पर आकर विराम लिया। इस दौरान पीत वस्त्र धारण किए महिलाएं सिर पर पूजित कलश लेकर मधुर धुनों पर मंगल गीत गाती चल रही थीं। वहीं पुरुष श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते हुए भगवान के जयकारे लगाते यात्रा में शामिल रहे। इसके उपरांत मुख्य



यजमान मानिक चंद्र द्विवेदी एवं राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने यज्ञ मंडप में आचार्य विद्वानों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक वेदी पूजन कर देवी-देवताओं का आह्वान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात कथा व्यास श्री यशोदा नंदन जी महाराज ने भागवत कथा के महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि इसकी महिमा असीम है। यह केवल कथा श्रवण नहीं, बल्कि जीवन को सुधारने, पापों का नाश करने तथा भक्ति, ज्ञान और वैराग्य प्रदान करने का दिव्य मार्ग है। उन्होंने बताया कि कलयुग में भगवत कथा मोक्ष प्राप्ति का सबसे सरल साधन है, जो मन को शुद्ध कर जीव को सीधे श्री हरि के धाम वैकुण्ठ से जोड़ती है। कथा व्यास ने श्रद्धालुओं से संतों के साथ सत्संग और भगवत कथा का नियमित श्रवण करने को प्रेरित करते हुए कहा कि इससे जीवन में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान बांके बिहारी एवं व्यास पीठ की आरती उतारी तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता शिव बाबू दुबे, पूर्व प्रधान चंद्रेश नारायण द्विवेदी (पिंटू), रामबाबू दुबे, के.बी. सिंह, डॉ. अनंत मिश्रा, सूर्यकांत मिश्रा, कृष्णकांत, त्रियुगी नारायण, सुरेश चंद्र, रजत द्विवेदी एवं विशाल कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का रसपान किया।

## गाय को मार डालने का आरोप मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गढचम्पा निवासनीय शाहीन बानों का आरोप है कि वह अपनी दुधारू गाय को खेत के पास घास चरने के लिए बांध दी थी।शाम को गई तो गाय नहीं थी।अगले दिन बबूल के पेड में रस्सी से गला कसा हुआ गाय मरी हुई हालत में मिली। शाहीन बानों ने मऊआइमा थाना में अज्ञात लोगों पर गाय को मार डालने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दी है।


### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम राधेश्याम केसरी था, जिसे बदलकर मैने राधेश्याम केसरवानी कर लिया है।भविष्य में मुझे राधेश्याम केसरवानी नाम से जाना पहचाना जाए। तथा मेरे पिता का नाम गिरधारी लाल केसरवानी है।

**पता-म०न० एचए०1 एडीए कालोनी, चकबबूरालीमाबाद, नैनी, प्रयागराज उ०प्र० 211008**

# उरुवा के कई परिषदीय स्कूलों में लकड़ी से चूल्हों पर बन रहा है मिड डे मिल का भोजन

विद्यालयों के जिम्मेदारों ने बताया रसोई गैस की कमी जबकि बीईओ वरुण मिश्रा ने केवाईसी प्रक्रिया पूरी न करने को बताया वजह, एजेंसी निदेशक का दावा गैस की कोई कमी नहीं,केवाईसी प्रक्रिया न पूरी करने वाले लापरवाह स्कूलों के शिक्षक हैं जिम्मेदार

**मेजा।** परिषदीय विद्यालयों में गैस कनेक्शन होने के बावजूद गैस सिलेंडर न मिलने से मिड डे मिल व्यवस्था इन दिनों प्रभावित हो रही है। विकास खंड उरुवा के करीब 80 फीसदी परिषदीय विद्यालयों में रसोइयों को लकड़ी के चूल्हे पर भोजन बनाना पड़ रहा है। ऐसे में न केवल सरकार की व्यवस्था प्रभावित हो रही है बल्कि रसोईयों का समय और श्रम भी अधिक लग रहा है। बता दें कि इस संबंध में अखंड भारत संदेश मीडिया टीम जब हकीकत जानने के लिए ब्लॉक के कई परिषदीय विद्यालयों में पहुंची तो कई विद्यालयों में रसोईयों द्वारा लकड़ी के चूल्हे पर मिड डे मिल का भोजन बनते हुए देखा गया। विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने बातचीत के दौरान बताया कि उन्होंने ग्राम प्रधान व अपने ब्लॉक के शिक्षा विभाग के मुखिया खंड शिक्षा अधिकारी उरुवा वरुण मिश्रा को भी



उरुवा के परिषदीय स्कूलों में लकड़ी और चूल्हे पर मिड डे मिल का भोजन बनाती रसोइया

इन सब बातों से अवगत कराने की बात कही है जबकि इस संबंध में बीईओ उरुवा वरुण मिश्रा ने बताया कि उन्होंने ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वे सिरसा स्थित मातेश्वरी गैस एजेंसी में जाकर एक आवेदन निदेशक मातेश्वरी गैस एजेंसी सिरसा के नाम लिखकर उसमें विभाग से प्राप्त सीयूजी मोबाइल नंबर, विद्यालय की रजिस्टर्ड ईमेल आईडी, मोहर और अपने आधार कार्ड के साथ जाकर वहां एजेंसी में मौजूद कर्मचारियों को देकर अपना-अपना केवाईसी प्रकिया पूरी करा लें। ततपश्चात वहीं से अपने विद्यालय के गैस की बुकिंग भी करा लें किंतु अधिकांश विद्यालयों के जिम्मेदारों ने अभी तक इस प्रक्रिया को पूरी नहीं किया है जिसके चलते रसोईयों को लकड़ी से चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि अमेरिका इजराइल और ईरान के मध्य छिड़ी जंग के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में आई बाधा का असर स्थानीय स्तर पर भी पड़ा है। इसी कारण इंडियन गैस समेत अन्य कंपनियों के सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसका असर आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ विद्यालयों पर भी देखने को मिल रहा है। खासकर शादी विवाह वाले घरों में गैस सिलेंडर के लिए लोगों को एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मातेश्वरी गैस एजेंसी सिरसा की प्रोप. श्रीमती सरिता राय एवं निदेशक पीके राय ने बताया कि उनकी एजेंसी काफी पुरानी है और इस एजेंसी से करीब 25000 से अधिक उपभोक्ता जुड़े हुए हैं। प्रतिदिन 400 से अधिक उपभोक्ता ऑनलाइन और कार्यालय पहुंच कर गैस बुकिंग करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गैस की आपूर्ति नैनी स्थित भारत कंपनी के प्लांट से हो रही थी, जिससे दिक्कतें आ रही थी लेकिन इन दिनों अब झूसी स्थित इंडियन प्लांट से आपूर्ति शुरू हो चुकी है और एक-दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी और आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल हो जाएगी।

## कोलाही में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन: भक्तों की उमड़ी भीड़

**करछना।** कोलाही (टकटैया) में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ने भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल बना दिया। हजारों भक्तों ने इस कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सराबोर कर दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति लहर में तल्लीन होकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महेंद्र नारायण शुक्ल, अंकित शुक्ल और आदर्श शुक्ल द्वारा गुरु वर और सभी कलाकारों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट देकर आशीर्वाद लेने से हुई। इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित भक्तों ने अपने श्रद्धा भाव से कथा का श्रवण किया और भक्ति की रसधार में गोता लगाया। प्रधान चंदन शुक्ल ने कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने इस अवसर पर सभी भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित गणमान्य लोगों में प्रोफेसर राकेश मिश्रा, विद्या मिश्रा, बालासरे मिश्रा, राजेश यादव, राजू मिश्रा और अन्य कई प्रमुख व्यक्ति शामिल थे। इन सभी ने कथा के दौरान अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को और भी भव्य बनाया। इस भव्य आयोजन ने न केवल धार्मिक भावनाओं को जागृत किया, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश भी फैलाया। भक्तों ने इस अवसर पर एक-दूसरे के साथ मिलकर भक्ति के रस में डूबकर आनंदित हुए।

## न्यूज झरोखा

### वैशाख मास में अरैल घाट पर सरस्वती परिवार ने चलाया स्वच्छता अभियान



**नैनी।** नैनी अरैल में सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान का 171 वें स्वच्छता अभियान की कड़ी में कार्यक्रम अधिकारी इन्दु प्रकाश सिंह के नेतृत्व में अरैल के नये पक्के घाट पर भव्य स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें घाटों को स्वच्छ रखने के साथ-साथ गंगा जल के निर्मलीकरण हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्थान के पदाधिकारी सुनील मिश्रा ने कहा कि हम सभी लगातार आठ वर्षों से स्वच्छता जागरूकता अभियान चला रहे हैं, जिसका परिणाम यह है कि आज लोग थोड़े स्तर पर जागरूक हुए हैं। लेकिन शाम के समय गंगा के तट पर घूमने टहलने वाले लोगों के द्वारा कुछ धूम्रपान के अवशेष भी यहां पर प्राप्त होते हैं, जैसे कि सिगरेट व बीयर की बोतलें आदि, जो कि नींदनीय व अशोभनीय कार्य है। नवांगतुक अतिथि के रूप आये हुए सदस्य सुनील गुप्ता ने कहा कि पिछले कयी वर्षों से प्रयागराज के तीर्थस्थलो पर सरस्वती परिवार द्वारा निरंतर प्रतिमाह स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता की मुहिम द्वारा आम जनमानस को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है, जो कि बड़ा ही सुन्दर व सराहनीय कदम है। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पाण्डेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, एड. आत्म प्रकाश यादव, विकास मिश्रा, संदीप केसरवानी, डां. सुनीता विश्वकर्मा, नीलम गुप्ता, राजकुमार विश्वकर्मा, संजय श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, विनोद गुरानी, सौरभ यादव, शैलेंद्र पाल, नीरज पांडेय, मोनू यादव, कार्तिकेय तिवारी, तुलसी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा का वार्ड चलो अभियान : पूर्व महापौर ने लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी बस्ती/ वार्ड चलो अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी उपलब्धियां को नैनी मंडल के कार्यकर्ताओं ने अभियान चक रघुनाथ वार्ड में जन जन तक पहुंचाया इस अभियान के तहत पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने नैनी मंडल के वार्ड संख्या 20 में जनसंपर्क किया। उन्होंने घर-घर जाकर प्रदेश सरकार के नौ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व महापौर ने क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें पत्रक भी वितरित किए। उन्होंने आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। पूर्व महापौर ने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। जनसंपर्क के दौरान पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने 'वार्ड चलो अभियान' को जनता से सीधा संवाद स्थापित करने का एक सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने कहा वकि इसके माध्यम से जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता आम लोगों की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए प्रयास करते हैं। पूर्व महापौर ने यह भी उल्लेख किया कि बीते नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने विकास, सुशासन और जनसेवा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। इस अभियान में मुख्य रूप से पार्षद दिलीप केसरवानी, नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, लक्ष्मीकांत तिवारी, जय कृष तिवारी, पार्षद राकेश जयसवाल, आकांक्षा जायसवाल, पूर्व पार्षद मुकेश भारतीय, संजय केसरवानी सीमेंट, समर सिंह, दिनेश सिंह, विजय कुमार राय, मुन्ना शर्मा, गुड्ड गुडविल, घनश्याम जायसवाल, मंगला प्रसाद केसरवानी, टीनू अग्रवाल, आकाश जायसवाल व पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे।

# विकसित भारत और विकसित उ.प्र. के राष्ट्र नवनिर्माण में योगी सरकार के नौ वर्ष हैं अहम : योगेश शुक्ल

वरिष्ठ भाजपा नेता ने पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम चलो गांव की ओर के तहत मेजा विधान सभा दिघीया मंडल के मोनाई और नरवर तथा मांडा मंडल के बेदौली गांव के लोगों के बीच पहुंच किया आह्वान और राष्ट्र नवनिर्माण में योगी सरकार के नव वर्ष की पुस्तिका का किया वितरण

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल रविवार को पार्टी द्वारा आयोजित चलो गांव की ओर कार्यक्रम तहत मेजा विधान सभा के दिघिया मंडल के मोनाई,नरवर एवं मांडा मंडल के बेदौली ग्राम पंचायत में पहुंचकर लोगों से संपर्क करते हुए विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए राष्ट्र नवनिर्माण में योगी सरकार के नव वर्ष की पुस्तिका वितरण किया और लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में आप लोग मोदी जी और योगी जी को पुनः संपूर्ण समर्थन दीजिए जिससे आने 2047 में विकसित भारत का सपना साकार हो सके। उन्होंने नरवर, मोनाई और बेदौली गांव के स्वजनों से आग्रह करते हुए कहा कि विकसित भारत तब साकार होगा,


चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत मेजा विधान सभा के गांवों में सरकार की नव वर्ष की पुस्तिका वितरण करते भाजपा नेता योगेश शुक्ला

जब हमारा उत्तर प्रदेश विकसित होगा, विकसित उत्तर प्रदेश तब साकार होगा जब हमारा प्रयागराज विकसित होगा, प्रयागराज विकसित तब होगा जब मोनाई, नरवर और बेदौली गांव विकसित होगा।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिघिया सुब्बा लाल प्रजापति, लीलावती गुप्ता मंडल अध्यक्ष मांडा, राम बलि मौर्य,बब्बू लाल यादव प्रधान, अमरेश मिश्रा घनश्याम पटेल, छोटे लाल गुप्ता, अलख नारायण,विवेक मिश्रा, हरि कांत पाण्डेय तथा हरिमोहन पाण्डेय आदि के अलावा मंडल के कई अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्रयागराज में ट्रांसपोर्ट नगर की अनियमितताओं पर भाकियू का धरना जारी, 16 अप्रैल को बड़ा प्रदर्शन का ऐलान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में सीवर लाइन और सड़क निर्माण में कथित अनियमितताओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का अनिश्चितकालीन धरना रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने में बड़ी संख्या में किसान और स्थानीय लोग शामिल होकर नगर निगम के खिलाफ विरोध जता रहे हैं।

भाकियू ने आरोप लगाया है कि करीब 21 करोड़ रुपये की लागत से हो रहे विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। संगठन का कहना है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया, जिससे प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को नुकसान पहुंचा है। धरनास्थल पर मौजूद किसानों ने बताया कि निर्माण कार्यों में भारी लापरवाही बरती जा रही है। पहले सड़कों का




निर्माण किया जाता है और बाद में उन्हें खोदकर सीवर लाइन डाली जाती है, जिससे क्षेत्र की सड़कें बदहाल हो गई हैं। इससे आम लोगों, खासकर स्कूली बच्चों और राहगीरों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान स्थिति और खराब हो जाती है तथा गड्ढों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन ने 16 अप्रैल को बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। इस दौरान हजारों किसान ट्रैक्टर-ट्राली में कूड़ा भरकर धरना स्थल से नगर आयुक्त कार्यालय तक मार्च निकालेंगे।

भाकियू के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाती।

# राष्ट्रीय कार्यालय पहुंचे महाराष्ट्र प्रभारी आदिल, हुआ भव्य स्वागत

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में पत्रकार विकास काउंसिल के राष्ट्रीय कार्यालय प्रयागराज में उस समय उत्साह और सम्मान का माहौल देखने को मिला, जब संगठन के नव-नियुक्त महाराष्ट्र प्रभारी आदिल अंसारी का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डी. के. मिश्र एवं प्रदेश कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह की उपस्थिति में अंगवस्त्र, माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय कोर कमेटी की सहमति से मिली बड़ी जिम्मेदारी जानकारी के अनुसार, पत्रकार विकास काउंसिल की राष्ट्रीय कोर कमेटी एवं राष्ट्रीय संरक्षक लखन लाल मिश्र की सहमति से यूपी 9 न्यूज के संपादक आदिल अंसारी को महाराष्ट्र प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान



उन्हें औपचारिक रूप से कार्यभार भी सौंपा गया। पत्रकारिता की गरिमा के लिए एकजुट हुआ संगठन बैठक के दौरान पत्रकारिता के वर्तमान परिदृश्य और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। राष्ट्रीय महासचिव डी. के. मिश्र ने कहा बदलते डिजिटल और सोशल मीडिया के दौर में पत्रकारों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन पत्रकारों के सम्मान और स्वाभिमान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संगठन पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। बैठक में कई अहम संगठनात्मक बदलाव इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई नए मनोनयन और बदलाव किए गए प्रदेश संरक्षक वीरेन्द्र कुमार सिंह, प्रदेश सचिव शिव कुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष लोकेश तिवारी, जिला प्रभारी राकेश गुप्ता (बच्चा) संगठन को मिलेगी नई मजबूती बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत किया जाएगा। पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नए मनोनयन और जिम्मेदारियों के साथ संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। बैठक में संगठन के कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग बबीता शर्मा, प्रदेश सचिव महिला विंग नीलम मिश्रा, प्रदेश संयोजक नवीन पांडेय, प्रदेश पूर्वांचल सचिव डॉ. अरविंद कुमार, संरक्षक नील कमल तिवारी, मंडल प्रभारी आशीष मिश्र, कार्यकारिणी सदस्य अमित गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य श्रेयस रावत, यमुनापार प्रभारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## दीपमाला जन कल्याण समिति संस्थान तिल्हापुर मोड़ कौशांबी में निम्नलिखित पदो के लिए नियुक्ति की वैकेंसी निकाली है

**(1) चौकीदार पद**

शिक्षा कक्षा 8 पास संस्था में बच्चों के साथ रहना और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना किसी विशेष विद्यालय का 3 साल तक का अनुभव

**(2) वोकेशनल प्रशिक्षण पद**

शिक्षण योग्यता हाई स्कूल संबंधित क्षेत्र में डिप्लोमा अनिवार्य है संस्था में रहकर प्रशिक्षण करना है। इस संस्था में भोजन और रहने की व्यवस्था निशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी सभी डॉक्यूमेंट के साथ 20/04/2026 समय 10ः बजे तक संस्था के पते पर पहुंचना सुनिश्चित करें ।

**दीपमाला जन कल्याण समिति संस्थान तिल्हापुर मोड़ कौशांबी ।**
**मदन कुमार 9919475893, अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार 8630577747**
**प्रबंधक कश्मीर कौर**
**9756069971**

## कार्यालय ग्राम पंचायत तिवारी महमदपुर विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़

पत्रांक : मेमो/2026-27 दिनांक 12.04.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत तिवारी महमदपुर में राज्य वित्त आयोग / 15वां वित्त आयोग छठा आयोग / मनरेगा योजना/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन / कायाकल्प योजना/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना / सार्वजनिक शौचालय निर्माण आदि योजनाओं / कार्यक्रमों के अंतर्गत नाला नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप जीर्णोद्वार, सीमेंटेड कुर्सी/बेंच, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप मरम्मत / रिबोर स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण एवं मरम्मत / सोख्ता गड्डा का निर्माण/ इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य / एमडीएम / पशु शेड निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रॉनिक बल्ब, सोलर स्ट्रीटलाइट, पानी का टैंकर, बाउंड्रीवाल का निर्माण व मरम्मत कार्य / ह्यूम पाइप, प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प कार्य / पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का मरम्मत व खिड़की / दरवाजा आदि की रंगाई पुताई, कोविड-19 बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फॉगिंग मशीन, फुटस्प्रेयर / 'पावरस्प्रेयर पावरस्प्रेयर / सफाई सफाईकर्मी किट एवं अन्य उपकरण तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 13-04-026 से दिनांक 26-04-026 तक सील बंद निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 26-04-026 को अपरान्ह 2 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी। सामाग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के अंतर्गत कराए जाने वाले सभी कार्य प्रभावी होगी।

**श्रीमती पूनम सिंह (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत तिवारी महमदपुर विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़**

**कुलदीप त्रिपाठी (ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी) ग्राम पंचायत तिवारी महमदपुर विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़**

# ओपन रैपिड चेस प्रतियोगिता में चैंपियनशिप अवॉर्ड प्राप्त कर आशीष द्विवेदी ने रचा इतिहास

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जिला शतरंज संघ प्रयागराज के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल राजरूप पुर में ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट आयोजित किया गया जिसमें प्रबंधक ओपी गोयल ने चेस खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा खेल से शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होने का सशक्त माध्यम है। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारम्भ मां सरस्वती और भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर मुख्य अतिथि ओपी गोयल ने किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना के उपरांत चेस प्रतियोगिता प्रारंभ विद्यालय के अध्यक्ष राम प्रकाश सिंह ने किया जो सात राउंड तक चली।प्रतियोगिता में जिले से लगभग 69 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग सीएचसी मेजा में


प्रतियोगिता के दौरान चैंपियनशिप का पुरस्कार ग्रहण करते सीएचसी रामनगर में कार्यरत आशीष द्विवेदी

ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक के पद पर कार्यरत आशीष कुमार द्विवेदी प्रथम स्थान पर रहे। श्री द्विवेदी ने 7 मैचों में जहां कुल 6.5 अंक बनाए वहीं दूसरे स्थान पर 6 अंक के साथ रवि चोपड़ा, तीसरे पर 6 अंक के साथ अभिषेक, चौथे पर श्रीहरि, पांचवे पर नभनील दास, छठे स्थान पर विधान सिंह पटेल, सातवें पर एस बी सिंह, आठवें पर

अमित्युष नंदन, नवें पर ओजस आनंद तथा दशवें स्थान पर ऋषिकेश बिस्वास रहें। 15 वर्ष बालक वर्ग में सात्विक श्रीवास्तव पहले, याकूब हुसैन दूसरे तथा अग्रिम स्वरूप तीसरे स्थान पर रहें। 11 वर्ष बालक वर्ग में सत्यजीत यादव पहले, अयान शुक्ला दूसरे तथा

सात्विक आनंद तीसरे स्थान पर रहें। 11 वर्ष बालिका वर्ग में संस्कृति यादव प्रथम तथा अनुप्रिया यादव दूसरे तथा श्रीवाली श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहीं। ओपेन बालिका वर्ग मे प्रिया यादव प्रथम,प्रज्ञा रूचि दूसरे तथा ओशिका चतुर्वेदी तीसरे पर रहीं। एसोसिएशन के सचिव एन डी सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक गौरव गर्ग रहें तथा आयोजन सचिव श्रीराम द्विवेदी रहे। इस मौके पर अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर राम प्रकाश सिंह, समाजसेवी अविचल द्विवेदी, पत्रकार दिनेश तिवारी, अनुराग गौतम, नीलेश द्विवेदी,ओमजी वर्मा, प्रिया यादव, संस्कृति यादव तथा बॉबी रहीशउद्दीन खान आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत धनवासा विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़

पत्रांक : मेमो/2026-27 दिनांक 12.04.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत धनवासा में राज्य वित्त आयोग / 15वां वित्त आयोग छठा आयोग / मनरेगा योजना/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन / कायाकल्प योजना/ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना / सार्वजनिक शौचालय निर्माण आदि योजनाओं / कार्यक्रमों के अंतर्गत नाला नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप जीर्णोद्वार, सीमेंटेड कुर्सी/बेंच, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप मरम्मत / रिबोर स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण एवं मरम्मत / सोख्ता गड्डा का निर्माण/ इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य / एमडीएम / पशु शेड निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रॉनिक बल्ब, सोलर स्ट्रीटलाइट, पानी का टैंकर, बाउंड्रीवाल का निर्माण व मरम्मत कार्य / ह्यूम पाइप, प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प कार्य / पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का मरम्मत व खिड़की / दरवाजा आदि की रंगाई पुताई, कोविड-19 बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फॉगिंग मशीन, फुटस्प्रेयर / 'पावरस्प्रेयर पावरस्प्रेयर / सफाई सफाईकर्मी किट एवं अन्य उपकरण तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 13-04-026 से दिनांक 26-04-026 तक सील बंद निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 26-04-026 को अपरान्ह 2 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी। सामाग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के अंतर्गत कराए जाने वाले सभी कार्य प्रभावी होगी।

**श्रीमती मंजू देवी (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत धनवासा विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़**

**अनुराग यादव (ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी) ग्राम पंचायत धनवासा विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बंशियारा विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़

पत्रांक : मेमो/2026-27 दिनांक 12.04.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बंशियारा में राज्य वित्त आयोग / 15वां वित्त आयोग छठा आयोग / मनरेगा योजना/राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता मिशन / कायाकल्प योजना/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना / सार्वजनिक शौचालय निर्माण आदि योजनाओं / कार्यक्रमों के अंतर्गत नाला नाली निर्माण एवं मरम्मत, खडंजा निर्माण एवं मरम्मत, कूप जीर्णोद्वार, सीमेंटेड कुर्सी/बेंच, इंडिया मार्का-2 हैंडपंप मरम्मत / रिबोर स्थापना एवं प्लेटफार्म निर्माण एवं मरम्मत / सोख्ता गड्डा का निर्माण/ इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य / एमडीएम / पशु शेड निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति, एलईडी इलेक्ट्रॉनिक बल्ब, सोलर स्ट्रीटलाइट, पानी का टैंकर, बाउंड्रीवाल का निर्माण व मरम्मत कार्य / ह्यूम पाइप, प्राथमिक विद्यालय व पूर्व माध्यमिक विद्यालय का कायाकल्प कार्य / पंचायत भवन एवं आंगनबाड़ी केंद्र का मरम्मत व खिड़की / दरवाजा आदि की रंगाई पुताई, कोविड-19 बचाव हेतु ब्लीचिंग पाउडर, सेनेटाइजर, मास्क, फॉगिंग मशीन, फुटस्प्रेयर / 'पावरस्प्रेयर पावरस्प्रेयर / सफाई सफाईकर्मी किट एवं अन्य उपकरण तथा इस कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामाग्री एवं परियोजना बोर्ड की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 13-04-026 से दिनांक 26-04-026 तक सील बंद निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 26-04-026 को अपरान्ह 2 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जाएगी। सामाग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगी। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 के अंतर्गत कराए जाने वाले सभी कार्य प्रभावी होगी।

**श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत बंशियारा विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़**

**निर्भय सिंह (ग्राम विकास/पंचायत अधिकारी) ग्राम पंचायत बंशियारा विकास खण्ड बिहार प्रतापगढ़**

# नर सेवा नारायण सेवा ही होना चाहिए हमारा जीवन मंत्र : हेमंत कुमार

## स्वास्थ्य शिविर में लगभग 32 सौ लोगों को परामर्श के साथ दी गई निःशुल्क दवाएं

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** सेवा परमो धर्मः के भाव से संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर डॉ0 भीमराव रामजी अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन, काशी प्रांत उत्तर प्रदेश व सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में एनएमओ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ 0 सचिदानंद राय व प्रांतीय सचिव काशी प्रांत डॉ0 राजेश राय के आवाह्न पर जनपद के दर्जन भर सेवा बस्तियों में अस्थि रोग विशेषज्ञ काशी प्रांत के संयुक्त सचिव डॉ0 जे0पी0 वर्मा की देखरेख में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श व निःशुल्क दवा वितरित किया। शिविर का सर्वप्रथम शुभारंभ पूरे ईश्वर नाथ श्री राम सेवा बस्ती से किया गया जहां पर एनएमओ के मेडिकल कॉलेज ईकाई अध्यक्ष डॉ0 मयंक शुक्ल, डॉ 0 सोभनाथ, मेडिकल कॉलेज ईकाई सचिव देवांश त्रिपाठी,सभासद सुनील दूबे, भारतीय भाषा अभियान के जिला संयोजक महेश कुमार गुप्ता, अद एस विधि मंच के प्रांतीय महासचिव परमानंद मिश्र,धीरेंद्र तिवारी,शिविर संयोजक अधिवक्ता शिवेश शुक्ल की मौजूदगी में डॉ0 सोने लाल स्वशासी राज्य महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉक्टर रश्मि यादव व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमंत कुमार द्वारा फीता काट कर किया गया। इस मौके पर एनएमओ के प्रांतीय संयुक्त सचिव डॉ0 जेपी वर्मा व शिविर संयोजक शिवेश शुक्ल एडवोकेट द्वारा अतिथियों को बैच लगाकर व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह हेमंत कुमार ने कहा कि समाज की सेवा ही राष्ट्र के प्रति सच्चा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा ही हमारे जीवन का मंत्र होना चाहिए। बाबा साहब ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक समान अवसर और सेवा भाव का मार्ग दिखाया था आज उन्हीं के पद चिन्हों पर हम सबको चलने की आवश्यकता है।इस मौके पर मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ0 रश्मि यादव ने कहा कि एनएमओ द्वारा ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में शिविर के माध्यम से निःशुल्क बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना सराहनीय कार्य है। इसी क्रम पर में रंजीतपुर सेवा बस्ती में अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह के संयोजन,अचलपुर सेवा बस्ती में श्रीमती सरोज सिंह के संयोजन में, लक्ष्मणपुर सेवा बस्ती रामानंद के संयोजन में,कमासिन गौरा सेवा बस्ती अल्केश त्रिपाठी के संयोजन,बरहदा सेवा बस्ती विवेक शर्मा के संयोजन, बीबीपुर सेवा बस्ती अशोक सिंह के संयोजन, श्रीराम सेवा बस्ती अधिवक्ता शिवेश शुक्ल संयोजन में सहित दर्जनों सेवा बस्तियों में एनएमओ व सेवा भारती संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। सेवा बस्तियों में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान एनएमओ के प्रांतीय संयुक्त सचिव अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ0 जेपी वर्मा ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन (एनएमओ) भारत में एलोपैथिक छात्रों और डॉक्टरों का एक प्रमुख राष्ट्रवादी संगठन है जो श्स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवाश के आदर्श वाक्य के साथ यह समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने और मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों में सेवा,अनुशासन और देशभक्ति की भावना को जागृत करने का कार्य कर रहा है। उक्त निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक व सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने नर सेवा और नारायण सेवा की भाव से अपना सहयोग प्रदान किया। जिले के सेवा बस्तियों में लगे शिविर में लगभग 32 सौ लोगों का परामर्श के साथ निःशुल्क दवाई दी गई। इस दौरान प्रमुख रूप सेवा भारती विभाग अध्यक्ष विनोद सिंह,मंत्री बृजेश त्रिपाठी,हरेंद्र तिवारी रमेश, नीरज, लवकुश, विवेक पांडेय,शुभम परासर,सुमित दूबे, अभिषेक दूबे,राहुल मौर्य,राजेश त्रिपाठी, चन्द्र भूषण, विनोद दूबे सहित आदि का सहयोग रहा।

## न्यूज झरोखा

### शार्ट सर्किट से लगी आग पांच बीघे का भूसा जलकर राख, सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड कर्मियों एवं ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर पाया काबू



**बेलखरनाथ धाम।** रविवार दोपहर तेज हवा चलने से एलटी लाइन के तार आपस में टकरा गए जिससे विद्युत शार्ट सर्किट होने से खेत में रखा भूसा जलकर राख हो गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली शुक्लान गांव निवासी उमेश शुक्ल, दिनेश शुक्ल, अनुराग शुक्ल,अमित शुक्ल और जामताली मठिया गांव निवासी सत्य प्रकाश गिरी, नित्य प्रकाश गिरी अभी कुछ दिन पूर्व मशीन से गेहूं की कटाई करवाये थे और खेत में अभी भूसा बनवाना बाकी था अचानक विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगने से करीब पांच बीघे का भूसा जलकर राख हो गया। आग बेकाबू होती देख ग्रामीणों ने डायल 112 पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। ग्रामीणो और फायर ब्रिगेड कर्मियों के घंटो अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक करीब भूसा जलकर राख हो गया।

### हत्या के प्रयास मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने हत्या के प्रयास से जुड़े एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 को थाना बाघराय क्षेत्र के ग्राम धारुपुर में जमीन और दीवार निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान दोनों पक्षों में गाली-गलौज और मारपीट हुई, साथ ही एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में थाना बाघराय में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए भाव चैराहा के पास से वांछित अभियुक्त अर्जुन सरोज (55), निवासी ग्राम धारुपुर, को गिरफ्तार कर लिया। इस अभियान में थानाध्यक्ष श्रवण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के सदस्य कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल शीशपाल सिंह और हेड कांस्टेबल राजाराम सिंह शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### टेम्पो पलटने से चालक सहित दो घायल

**पट्टी।** आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो युवक घायल हो गए। ढकवा बाजार से घर लौट रहे दोनों लोग उस समय हादसे का शिकार हो गए, जब उनका टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जानकारी के अनुसार हवलदार गिरी (34) पुत्र रामफेर गिरी तथा मुलायम सरोज (30) निवासी नचरौला, थाना आसपुर देवसरा, किसी कार्य से ढकवा बाजार गए थे और वहां से टेंपो द्वारा वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वाहन दाउदपुर गांव के समीप पहुंचा, अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और टेंपो पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आस-पास के ग्रामीण तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हादसे में टेंपो चालक मुलायम सरोज को गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि उनके दोनों पैर टूट गए हैं, जिससे उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं हवलदार सिंह को भी चोटें आई हैं, लेकिन उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ. नीरज सिंह ने बताया कि चालक मुलायम सरोज के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए हैं। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरे घायल का इलाज सीएचसी में जारी है।

## आबादी की जमीन को लेकर हुए विवाद में 6 घायल



**पट्टी।** आबादी की जमीन के विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पर हमला कर दिया। जो भी सामने पड़ा उसे मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। इस मारपीट में एक पक्ष से छह लोग घायल हुए हैं। थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत ढकवा के वार्ड नंबर 5 पुर निवासी कृष्ण मुरारी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनके आबादी की भूमि पर पड़ोसी जबरन निर्माण कार्य कर रहे थे। जब वह विरोध करने गए तो पहले से ही तैयार बैठे आरोपी उन पर हमला बोल दिए। उन्हें वा उनके बेटे रणबीर देवेंद्र बहु शोभावती पुत्री हेमलता प्रेमलता को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायलों ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल के लिए जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरगढ़ भेजा तो वहां से गंभीर रूप से घायल कृष्ण मुरारी देवेंद्र कुमार रणवीर को जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ बेहतर इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया है। वही थाने पर समुचित कार्रवाई न होती देख पीड़ित ने रविवार की दोपहर करीब 1 बजे एसपी प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## चौकीइंचार्ज पर लॉकअप में पिटाई का आरोप

**पट्टी।** खेत की मेड़बंदी का विरोध करने पर युवक को पुलिस ने पकड़ लिया आरोप है कि लॉकअप में बंद कर उसे जमकर मारा पीटा गया। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से की है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नोही गांव निवासी अक्षत सरोज ने पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है की घटना रविवार की सुबह की है। घर के सदस्य गेहूं काटने गए हुए थे। इस दौरान बिना किसी सक्षम न्यायालय या अधिकारी के आदेश के चैकी इंचार्ज अमुवाही अरविंद कुशवाहा मौके पर पहुंचे और मेड़बंदी करने लगे। पुलिस वा राजस्व कर्मियों को देखकर जब वह मौके पर गया और विरोध करने के साथ वीडियो बनाने लगा। वीडियो बनाने से नाराज होकर चैकी इंचार्ज ने लात घूंसे से पिटाई कर दी। उसे पीटता देखा उसका बड़ा भाई राम जी सरोज दौड़कर आया उसने भी विरोध किया तो उसे भी थप्पड़ों से पिटाई की गई। आरोप है की चैकी इंचार्ज ने जाति सूचक शब्दों से गालियां देते हुए थाने के अंदर लाकर भी लात जूते से मारा पीटा। पीड़ित ने घटना की शिकायत रविवार की शाम एसपी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## भूगर्भ जल भरण पर जागरूकता अभियान का हुआ शुभारंभ



**कुंडा।** वसुंधरा संस्था के कार्यालय पर भूगर्भ जल भरण एवं वृक्षारोपण जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संस्था की सचिव शिखा सिंह ने जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की आवश्यकता पर बल देते हुए लोगों से सक्रिय भागीदारी की अपील की।

उन्होंने भूगर्भ जल संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए पांच महत्वपूर्ण सूत्र बताए। इनमें वर्षा जल संचयन को अपनाना, अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना, जल दोहन को सीमित रखना, परंपरागत जल स्त्रोतों का संरक्षण करना तथा जल को जमीन में उतारने के लिए सोख्ता गड्ढों और रिचार्ज पिट का निर्माण करना शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे, शिवम् यादव ने संस्था द्वारा पिछले 20 वर्षों से बिना किसी सरकारी या गैर-सरकारी आर्थिक सहायता के किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था का कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और हजारों वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मीकान्त त्रिवेदी (जे.आर.एफ.) ने गंगा तटों पर संस्था द्वारा किए गए कार्यों और वृक्षारोपण के अनुभव साझा करते हुए सभी से इस अभियान से जुड़ने और गंगा स्वच्छता व हरित पहल को आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर शिखा सिंह को गणतंत्र दिवस 2026 पर दिल्ली में प्राप्त सम्मान का भी उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में माधुरी देवी, सागर सिंह, पूनम सिंह, डॉ. गौरीशंकर (टैक्सोनॉमिस्ट), रूपेंद्र कुमार यादव (बायोलॉजिस्ट), हरीश कुमार सहित जिला गंगा समिति, सामाजिक वानिकी एवं वन विभाग के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के अध्यक्ष प्रभाकर सिंह ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

## एनबीडब्ल्यू वारंटियों पर पुलिस का शिकंजा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**पट्टी।** अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आसपुर देवसरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक अखिलेश सिंह अपनी टीम कांस्टेबल शिवशंकर यादव व कांस्टेबल विजय यादव के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश में क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान न्यायालय एफटीसी द्वितीय, प्रतापगढ़ द्वारा जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के तहत दो वारंटी अभियुक्तों को उनके घर के पास से दबोच लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामकेवल यादव (58) पुत्र रामराज यादव एवं नन्दलाल यादव पुत्र रामकेवल यादव, दोनों निवासी ग्राम बीबीपुर मुस्तक थाना आसपुर देवसरा शामिल हैं। इन पर धारा 452, 323, 504, 506 व 427 के तहत मुकदमा दर्ज है। इसी क्रम में पुलिस ने एक अन्य वारंटी अभियुक्त छोटेलाल पुत्र राजदेव निवासी ग्राम सैलखा को भी गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 323, 506 व 354(ख) के तहत मुकदमा दर्ज है और वह भी काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राकेश चैरसिया ने बताया कि वारंटी को गिरफ्तार किया गया न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया।

## टायर फटने से ट्रक पलटा, दो घायल



**कुंडा।** बाघराय थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। पुवाशी गांव के पास करीब 8 बजे गिट्टी से लदा एक ट्रक अचानक टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

ट्रक में सवार ड्राइवर मेराज खान (27) और क्लीनर इकरार (21) घायल हो गए। दोनों प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। राहत की बात यह रही कि दोनों को मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि ट्रक जबलपुर से गिट्टी लादकर सुनौली (नेपाल सीमा) की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक टायर फट गया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाघराय-लालगंज-जेठवारा मार्ग पर इस तरह के हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ओवरलोड डंपर, ट्रक और ट्रैक्टर बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे आम लोगों की जान जोखिम में बनी रहती है। लोगों ने आरटीओ विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जांच और कार्रवाई में ढिलाई के कारण वाहन मालिकों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमित चेकिंग की मांग की गई है, ताकि इस तरह के हादसों पर रोक लगाई जा सके।

## आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

**प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर दलित युवक के साथ गाली गलौज तथा मारपीट व तोड़फोड़ व धमकी को लेकर तीन नामजद आरोपियों समेत आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ पुलिस ने एससीएसटी का केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के करीमनपुर निवासी अजय कनौजिया पुत्र जगदीश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती दस अप्रैल को रात करीब दस बजे वह बाइक से सांगीपुर बाजार से घर वापस आ रहा था। अठेहा में अचानक उसकी बाइक पंचर हो गयी। दुकान की पूछताछ को लेकर कुछ लोग वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। तहरीर के मुताबिक पड़ोसी गांव सेमरा के शहबाज पुत्र अमीर हसन, रियाजुल सुत अमीर हसन व आयूब पुत्र फारूख एवं तीन चार अन्य अज्ञात आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित की बाइक तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़ित ने घटना को लेकर तहरीर दी पर जांच के नाम पर कार्यवाही नहीं हुयी। इसके बाद उसने लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा से मिलकर फरियाद की। सीओ की फटकार पर उदयपुर पुलिस ने आरोपी शहबाज समेत आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## विकास मिश्र अध्यक्ष व साकेत मिश्र महामंत्री निर्वाचित



**लालगंज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की लालगंज तहसील इकाई की कार्यकारिणी का रविवार को निर्विरोध निर्वाचन हुआ। तहसील परिसर स्थित पत्रकार भवन में हुये चुनाव में वरिष्ठ पत्रकार विकास मिश्र अध्यक्ष तथा साकेत मिश्र महामंत्री निर्वाचित हुये। आशुतोष मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा लवलेश शुक्ल उपाध्यक्ष, राजीव तिवारी कोषाध्यक्ष, अनूप तिवारी आय व्यय निरीक्षक, मुकेश तिवारी मीडिया सचिव, संजीव त्रिपाठी संगठन मंत्री, सौरभ त्रिपाठी संयुक्त सचिव, संजयमणि शुक्ला व जगत वर्मा जिला प्रतिनिधि, आईपी मिश्र, प्रमोद सिंह व अशोकधर द्विवेदी मण्डलीय प्रतिनिधि, अनिल तिवारी महेश, गौरीशंकर त्रिपाठी व उमेश तिवारी प्रान्तीय प्रतिनिधि निर्वाचित हुये। चुनाव कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं देखरेख मण्डलीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने किया। चुनाव अधिकारी डा. आशीष सिंह व सुरेन्द्र तिवारी सागर ने चुनाव परिणामों की अधिकारिक घोषणा की। चुनाव परिणामों की घोषणा होने पर साथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों से पत्रकारिता के सामाजिक सरोकार को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

### मारपीट व धमकी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज।** भाई द्वारा पिता व बहन की पिटाई को लेकर पीड़िता ने रविवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पूरे साधौराम खण्डवा निवासिनी नीशा पुत्री रामफेर ने दी गयी तहरीर में आरोप लगाया है कि सुबह सात बजे उसके भाई व भाभी ने कहा सुनी को लेकर उसे मारापीटा। बीच बचाव के लिए पीड़िता का पिता वहां पहुंचा तब उसके साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट की गयी। आरोप है कि पीड़िता ने एक सौ बारह डायल पुलिस को सूचना दी तब आरोपी द्वारा उसे व उसके पिता को जानलेवा धमकी दी गयी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है तहरीर मिली है जांचकर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### युवती लापता, अपहरण का केस

**लालगंज।** युवती के अचानक लापता होने को लेकर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मकईपुर निवासिनी आशा देवी पत्नी सदाशिव ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती नौ अप्रैल को दिन में एक बजे उसकी इक्कीस वर्षीया पुत्री घर से अचानक लापता हो गयी। पीड़िता के मुताबिक उसकी लापता पुत्री का मोबाइल फोन भी बन्द हो गया है। पीड़िता ने बेटी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर लीलापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## सच्चा बाबा आश्रम में हरिहरात्मक महायज्ञ की तैयारी हुई तेज, होगी रामकथा



**प्रतापगढ़।** सई नदी के किनारे चिलबिला में सच्चा बाबा आश्रम पर हरिहरात्मक महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। इसमें राम कथा भी होगी। इसके लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। आश्रम में रविवार को हुई तैयारी बैठक में आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी ने पूरे कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 17 मई को यह आयोजन शोभा यात्रा से शुरू होगा। शाम चार बजे आश्रम से शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर का भ्रमण करेगी। इसमें अरैल आश्रम के भी कई साधु-संत और श्रद्धालु समेत नगर के गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसके बाद हर दिन सुबह आठ बजे से आहुतियां डाली जाएंगी और शाम पांच बजे से कथा व्यास संत शरण जी महाराज अयोध्या द्वारा भगवान श्रीराम की संगीतमय कथा कही जाएगी। 26 मई को गंगा दशहरा पर शाम छह बजे सच्चा बाबा घाट पर सई-गंगा की आरती होगी। भंडारा भी चलेगा। हरिहरात्मक महायज्ञ का आयोजन वैदिक विद्वानों के द्वारा होगा। वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा हवन कराई जाएगी। श्रद्धालु भी शामिल हो सकेंगे। आयोजन की तैयारी में श्याम बाबू खंडेलवाल, श्याम शंकर द्विवेदी, अनिल प्रताप त्रिपाठी, प्रमोद सिंह मुन्ना, राजमणि त्रिपाठी, गणेश शंकर श्रीवास्तव व अशोक शर्मा, दीपेंद्र मिश्रा एडवोकेट आदि लगे हैं।

## भ्रमण के लिए निकले छात्र, दिखलायी हरी झंडी

**प्रतापगढ़।** छात्रों को सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सरोकार का अनुभव कराने के लिए रविवार को छात्रों का एक दल श्रृंगवेरपुर धाम व हौदेश्वरनाथ तथा भक्तिधाम मनगढ़ रवाना हुआ। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलहा के छात्रों के दल को प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री विष्णु सिंह व पूर्व अध्यक्ष नवीन शुक्ल तथा प्रधानाध्यापक लाल प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महामंत्री विष्णु सिंह ने कहा कि भ्रमण से नवनिहालों को अनुभव के साथ ज्ञानार्जन के क्षेत्र में रचनात्मक ऊर्जा प्रदान हुआ करती है। इस मौके पर सुधाकर शुक्ल, सर्वेश कुमार, शालिनी सिंह, हेमेन्द्र सिंह, अरूण शुक्ल, शशिकला सिंह, पंकज मिश्र, अभय सिंह आदि रहे।

## 100 बच्चों को मिली निःशुल्क साइकिल, खिले चेहरे



**कुंडा।** बाबागंज क्षेत्र के माता बदल श्रीकृष्ण लघु माध्यमिक विद्यालय धमोहन में मंगलवार को साइकिल पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम में कक्षा 6 में प्रवेश लेने वाले प्रथम 100 छात्र-छात्राओं को साइकिलें प्रदान की गईं। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों और अभिभावकों की मौजूदगी में बच्चों ने उत्साह के साथ विद्यालय परिसर में साइकिल चलाकर खुशी जताई।इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के कार्यकर्ता नेता प्रांजल त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की ओर से कक्षा 6, 7, 8 के छात्र-छात्राओं के लिए मिड डे मील, निःशुल्क पुस्तक, यूनिफॉर्म, स्वेटर, बैग, जूता-मोजा वितरण की योजना संचालित है। इसके बावजूद दूरदराज के गांवों से आने वाले बच्चों के सामने स्कूल तक पहुंचना बड़ी चुनौती थी। विद्यालय की इस पहल से विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के साथ-साथ उनके स्कूल आने-जाने की समस्या भी दूर होगी। उन्होंने छात्रों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अनुशासन में रहने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि धमोहन विद्यालय में रामपुर बावली, पूरे शिवगुलाम, नरियावां समेत एक दर्जन से अधिक गांवों के बच्चे पढ़ने आते हैं। साधन न होने के कारण कई बच्चे अनुपस्थित हो जाते थे। अब साइकिल मिलने से उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी और शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा। अभिभावकों ने इस कदम की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान इंटर कॉलेज के प्राचार्य गुरुदत्त सिंह, सहायक अध्यापक सिद्धार्थ पाण्डेय, लिपिक वेद प्रकाश त्रिपाठी, दिनेश श्रीवास्तव समेत समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे। अंत में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और सड़क पर सावधानी से साइकिल चलाने की अपील की गई।

# शादी के एक हफ्ते पहले युवक फांसी के फंदे से झूला

अखंड भारत संदेश

दो परिवारों में मचा कोहराम, शादी से पहले ही विधवा हो गई युवती



**महेवा घाट कौशाम्बी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में शादी से एक हफ्ते पहले ही एक युवक ने फांसी के फंदे से झूलकर आत्महत्या कर लिया।बताया जा रहा है कि युवक ने यह कदम अपनी होने वाली पत्नी से फोन पर हुए विवाद के बाद उठाया है।युवक की मौत से दो परिवारों में कोहराम मचा हुआ है,घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के रामबाबू उम्र 23 वर्ष पुत्र रतई सरोज की शादी आने वाली 20 अप्रैल को मंझनपुर क्षेत्र के बारा मलाका गांव में तय थी और परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। रविवार की शाम रामबाबू खेत में गेहूं का बोझ बांधने गया था। इसी दौरान अपनी होने वाली पत्नी से युवक की फोन पर बातचीत हो रही थी। बताया जा रहा है कि युवक बार-बार फोन कर रहा था,लेकिन फोन व्यस्त आने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई।इस विवाद से आहत होकर रामबाबू घर पहुंचा और कमरे में जाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को शक हुआ। दरवाजा खोलने पर रामबाबू का शव फंदे से लटका मिला।परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है।घटना के सम्बन्ध में थाना प्रभारी हरीश तिवारी ने बताया कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# विद्युत करंट लगने से हुई महिला की दर्दनाक मौत

महिला की मौत होते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया है



**हररायपुर कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जीवनगंज गांव में रविवार की सुबह खेत की तरफ गई एक महिला को विद्युत करंट का तेज झटका लगा जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई परिवार और गांव के लोग उसे अस्पताल लेकर गए लेकिन महिला की दर्दनाक मौत हो गई महिला की मौत होते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया है महिला के पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं सूचना पाकर महिला के ससुराल के लोग और बच्चे भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली के गुलमीपुर पचंभा गांव की महिला रवीना देवी उम्र 35 वर्ष पत्नी नरेश का मायका संदीपन घाट थाना क्षेत्र के जीवनगंज में है महिला अपने पिता लवकुश के घर जीवनगंज शनिवार को घूमने के लिए आई थी रविवार की सुबह महिला खेत की तरफ गई हुई थी जहां महिला को करंट का तेज झटका लगा करंट लगते ही महिला गंभीर रूप से झुलस गई और जमीन पर गिर गई करंट लगते ही आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना परिवार के लोगों को दी और महिला को लेकर मूरतगंज अस्पताल गए लेकिन तब तक देर हो चुकी थी अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने महिला को मृतक घोषित कर दिया महिला की मौत से उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है बता दे की महिला के पांच बच्चे हैं सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने खुद को कमरे में बंद कर खोल दी एलपीजी गैस मचा हड़कंप

पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक को निकाला बाहर



**भरवारी कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी में पत्नी से हुए विवाद के बाद एक युवक ने खुद को कमरे में बंद कर एलपीजी गैस सिलेंडर को खोल दिया,गैस लीक हुई तो पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया,गैस सिलेंडर में ब्लास्ट किए जाने की धमकी के बाद डायल 112 वा भरवारी चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची,पुलिस और स्थानीय लोगों के समझाने पर युवक ने कड़ी मशक्कत के बाद गैस सिलेंडर को बंद कर दरवाजा खोला,जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के केशव नगर मोहल्ला निवासी बड़कू सिंह पुत्र कमल सिंह का किसी महिला के साथ अवैध संबंध को लेकर पत्नी द्वारा आए दिन शक करने के चलते विवाद हो गया,विवाद के बाद दोनों में जमकर कहासुनी हुई,जिसके बाद बड़कू सिंह ने पत्नी और बच्चों को घर से बाहर निकालकर खुद को कमरे में बंद कर लिया और गैस सिलेंडर से गैस खोल दी,जिसके बाद गैस पूरे कमरे और घर में फैल गई,गैस की बदबू मोहल्ले में आने लगी तो मोहल्ले के लोगों ने डायल 112 पुलिस को फोन कर दिया।लोगो की सूचना के बाद डायल 112 पुलिस ने फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस चौकी को भी सूचना दे दी,सूचना कर भरवारी चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के साथ समझाने का प्रयास किया,कड़ी मशक्कत के बाद बड़कू ने पत्नी से माफी मंगवाने की बात कर कमरे का दरवाजा खोल दिया और पुलिस ने उसको बाहर निकाल कर राहत की सांस ली।इस दौरान पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।

# ट्राला की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल, उपचार के दौरान मौत



अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भोला चौराहा के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की।लेकिन सिराथू अस्पताल में युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार मोनू पुत्र मुन्ना यादव,निवासी वार्ड नंबर 6 कृष्णा नगर सिराथू रेलवे स्टेशन के पावर हाउस में ड्यूटी करने के बाद अपने घर अझुवा लौट रहा था। जैसे ही वह भोला चौराहा के समीप पहुंचा तभी प्रयागराज से कानपुर की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्राला ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के समय संयोगवश अझुवा चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह अपने हमराहियों के साथ वहीं मौजूद थे। हादसा होते ही पुलिसकर्मी तुरंत सक्रिय हो गए और बिना देर किए घायल युवक को अपनी सरकारी जीप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू पहुंचाया। साथ ही परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई।वहीं युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई है ट्राला पुलिस के कब्जे में है और कागजी कार्रवाई में जुटी हुई है।मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## पुलिस देख घबराया ई-रिक्शा चालक, डिवाइडर पर चढ़ाया वाहन, मची अफरा-तफरी



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के भोला चौराहे के पास बीती देर समय उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया,जब पुलिस देखकर एक बैटरी रिक्शा चालक घबरा गया और भागने के प्रयास में अपना रिक्शा हाईवे के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ा दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौराहे पर पुलिस की जांच चल रही थी। इसी दौरान एक ई-रिक्शा चालक ने जैसे ही पुलिस को देखा, वह घबराकर तेजी से निकलने की कोशिश करने लगा। हड़बड़ी में उसने रिक्शा को सीधे बीच के डिवाइडर पर चढ़ा दिया, लेकिन डिवाइडर ऊंचा होने के कारण रिक्शा वहीं फंस गया।हाईवे पर दोनों तरफ तेज रफ्तार से वाहनों का आवागमन जारी था, जिससे स्थिति और भी जोखिमपूर्ण हो गई।अचानक हुए इस घटनाक्रम से कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।स्थिति को संभालते हुए मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल यातायात रुकवाया और काफी मशक्कत के बाद रिक्शा को धक्का देकर दूसरी लेन में पहुंचाया। इसी बीच मौका पाकर रिक्शा चालक वहां से फरार हो गया।घटना के बाद पुलिस ने यातायात को पुनः सुचारू कराया, लेकिन कुछ देर तक चौराहे पर अव्यवस्था का माहौल बना रहा।

# वृद्ध की मौत के बाद परिजनों ने किया जमकर हंगामा

अखंड भारत संदेश

अंतिम संस्कार करने से परिजनों ने किया इनकार विपक्षियों पर कार्यवाही की मांग



**करारी कौशांबी** करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में भूमि विवाद की शिकायत के बाद एक वृद्ध की मौत के बाद रविवार को पोस्टमार्टम हाउस से शव वापस पहुंचाने के बाद परिवार के लोगों ने विपक्षियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया और हंगामा करने लगे हंगामा की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस अधिकारी समेत थाना पुलिस पहुंची और काफी समझाने बुझाने के बाद परिवार के लोग माने हैं जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी जगदीश उर्फ ननकू यादव उम्र 62 वर्ष के घर के सामने खड़ंजा में विपक्षियों ने कब्जा कर लिया था जगदीश लगातार इस बात की शिकायत कर रहे थे कुछ दिन पहले भी उन्होंने मामले की शिकायत एसडीएम से की थी एसडीएम के निर्देश पर शनिवार को नायब तहसीलदार मधु जैन पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और रास्ते की जमीन खाली करवा दिया राजस्व टीम के जाने के बाद विपक्षियों ने जगदीश से लड़ाई झगड़ा करते हुए गाली गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी लड़ाई झगड़ा और धमकी से आहत जगदीश की हालत बिगड़ने लगी परिवार के लोग देर रात उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई जानकारी मिलते ही मौके पर थाना अध्यक्ष करारी पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की परिवार के लोगों ने पूरे मामले की जानकारी से पुलिस को अवगत कराया पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया रविवार को जब पोस्टमार्टम हाउस से शव वापस गांव पहुंचा तो परिवार के लोगों ने विपक्षियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया और शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं अधिकारियों के काफी समझाने बुझाने के बाद परिवार के लोग अंतिम संस्कार को तैयार हुए हैं

## तमंचा की फोटो वायरल करना पड़ा महंगा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी** सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति का अवैध तमंचा के साथ फोटो वायरल हुआ था जिसको संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने वायरल फोटो की जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु थाना कोखराज पुलिस को निर्देशित किया उपरोक्त क्रम में दिनांक 12.04.2026 को थाना कोखराज पुलिस ने वायरल फोटो में दिख रहे व्यक्ति की पहचान करते हुए अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र लौटन सरोज निवासी कसिया पश्चिम थाना कोखराज को गिरफ्तार किया अभियुक्त की जामातलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एवं एक कारतूस 315 बरामद हुआ।पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैं तमंचे के साथ रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालता था तथा बाग में छुपाकर रख देता था गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 205/ 2026 धारा 3 /25 आयुध अधिनियम पंजीकृत हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

## एसआईआर की अंतिम सूची में गड़बड़ी पर कांग्रेस पाटी ने उठाए सवाल



**कौशाम्बी** मतदाता सूची में हुए एसआईआर के बाद अंतिम सूची प्रशासन ने जारी कर दी है,डीएम डॉ अमित पाल ने पाटी प्रतिनिधियों को एक एक प्रति सौंपी है। एसआईआर की लिस्ट देखने के बाद कांग्रेस पाटी जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा है कि निर्वाचन आयोग और भाजपा एसआईआर में गड़बड़ी कर जिले में हजारों मतदाताओं के नाम काट दिए है, उन्होंने कांग्रेस पाटी कार्यकर्ताओं के साथ अपने कैंप कार्यालय में प्रदर्शन कर विरोध जताया है और निर्वाचन आयोग पर भाजपा के दबाव में कार्य करने का आरोप भी लगाया है। कांग्रेस पाटी जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि चायल विधान सभा में ही लगभग 40 हजार मतदाताओं के नाम काट दिए गए है,जबकि 2022 से 2026 तक में मतदाताओं की संख्या और बढ़नी चाहिए थी लेकिन लगभग 30 हजार कम हो गई,इसी प्रकार से जिले की दो अन्य विधानसभा मंझनपुर और सिराथू में भी हजारों मतदाताओं के नाम काट गए है, उन्होंने बताया कि बीएलओ लगाए गए है,एक एक गांव की लिस्ट हम चेक कराएंगे और जिनके नाम काटे गए है उनके नाम जुड़वाने का काम करेंगे,यदि उनके नाम नहीं जोड़े जाते है तो कांग्रेस पाटी गांव,ब्लॉक,विधानसभा और जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेगी।इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश सचिव रामबहादुर त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष दीपक पाण्डेय बाबू जी, उदय यादव,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला,जिला सचिव जयप्रकाश जायसवाल,ब्लाक अध्यक्ष सिराथू रामप्रकाश पंडा,ब्लाक अध्यक्ष नेवादा रावेंद्र यादव,सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय,शुभेंद्र यादव छोटू,आशु पाण्डेय,रमेश यादव,राकेश पाल,मनोज प्रजापति,बाबू लाल सिंह,रामकरण रविदास,प्रदीप गौतम,छोटू केशरवानी,समर सरोज,दीपक कुशवाहा,ज्ञान देव पाण्डेय,सुरेंद्र पासी,बड़का रैदास,राकेश रैदास सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से चेन स्नेचिंग, बाइक सवार फरार

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत अझुवा में रविवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की जंजीर छीन ली और फरार हो गए जानकारी के अनुसार अरविंद अग्रहरी उर्फ मुन्ना की पत्नी शशि देवी रोज की तरह सुबह टहलने निकली थीं। तभी अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज के पास दो युवक बाइक से पहुंचे। आरोप है कि एक युवक ने महिला की कनपटी पर कट्टा लगाकर धमकाते हुए गले में पहनी करीब 10 ग्राम सोने की चेन झपट ली और दोनों मौके से फरार हो गए।घटना के बाद घबराई महिला घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी। चौकी इंचार्ज अनुराग सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## जेवर नगदी लेकर प्रेमी के साथ भागी युवती

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र में तंत्र-मंत्र क्रिया के जरिए युवती को भगा ले जाने का आरोप युवक पर लगा है एक लाख रुपए नगद और जेवर लेकर युवती अपने प्रेमी के साथ भाग गयी युवक के पिता पर तंत्र-मंत्र कर पीड़ित परिवार को जान से मारने का आरोप लगा है युवती के भाई ने थाने में तहरीर दिया है थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

## वारण्टी अभियुक्त को पश्चिम शरीरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवा घाट कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा वारंट केस सं0 1475/2016 धारा 452/ 323/ 504/ 506/ 427 भादवि जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त गोले पुत्र हब्बू निवासी ग्राम डेढामल थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

## ताला बंद कर पूरा परिवार गया दावत घर से जेवर नगद उठा ले गए चोर

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी पुरानी बाजार वार्ड नम्बर 17 सरजूदास नगर मोहल्ले के रहने वाले हाफिज बादशाह पुत्र बदरुद्दीन खान अपने पूरे परिवार के साथ शनिवार की रात लगभग 7:00 बजे भरवारी के ही एक गेस्ट हाउस में दावत में सम्मिलित होने परिवार के साथ गए थे, रात लगभग 10:00 बजे जब पूरा परिवार दावत से लौटा तो घर का दरवाजा खुला हुआ था दरवाजा खुला देख सब सन्न रह गए, जैसे ही वह घर के अंदर घुसे तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ था सामान बिखरने के साथ साथ कमरें में रखी आलमारी से नकदी व ज्वेलरी आदि भी चोरी हो चुकी थी। चोरी होने की जानकारी हाफिज बादशाह ने डायल पुलिस को दी, घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी भरवारी चौकी पुलिस को भी दी,सूचना पर भरवारी चौकी पुलिस भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद वापस लौट आई पीड़ित ने मामले की शिकायत भरवारी चौकी पुलिस से की है।

# बिना आदेश आधी रात्री में सड़क को दबंगो ने उखाड़ कर किया कब्जा, लोगों में आक्रोश

सफेद पोस नेता बना भूमाफिया सत्ता की हनक की बौखलाहट में आम जनता पर अत्याचार, सत्ता की मलाई खाते खाते बन गए भूमाफिया इन दिनों लगातार जमीनों पर कब्जा कर सरकार को कर रहा बदनाम



**कोखराज कौशाम्बी** नेताओं और अधिकारियों के कार्यक्रम में पत्नी शामिल होकर फोटो खिंचवाकर भौकाल बनाती है और उसका पति आम जनता पर अत्याचार कर योगी सरकार को बदनाम कर रहा है अत्याचार की हद इस कदर हो गई कि इंटरलॉकिंग सड़क को उखाड़ कर जमीन कब्जा कर लिया नगर पालिका परिषद वार्ड नं 24 विसूई भरवारी निवासी एक व्यक्ति ने थाना कोखराज समाधान दिवस में अपनी शिकायत दर्ज कराई है कि बिना आदेश व निर्देश अपने दजर्नों गुंडो माफियाओं के साथ आधी रात में नगर पालिका भरवारी परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 24 मेहता रोड बिसुई स्थिति लाखों रुपए से निर्मित रास्ते को रात्रि में जेसीबी मशीन से एक सफेद पोस्ट नेता भूमाफिया ने उखाड़ दिया और पूरी तरह से सड़क क्षतिग्रस्त कर दिया जिसकी वीडियो भी वायरल है इन दिनों एक सत्ताधारी दल बदलू नेता जो जमीनों की हवस में इस तरह जुटा हुआ है कि न रोड दिखाई देती है न क्रबिस्तान बस सत्ता की हनक पर केवल जमीन कब्जा करना ही उसका उद्देश्य रह गया है सत्ता की आड़ में जमीन कब्जा कर अपनी ताकत दिखाने में यह नेता लगा हुआ है इंटर लॉकिंग सड़क को अपने दजर्नों गुंडों के साथ रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन से उखाड़ कर फेंक दिया और अपनी गुंडागर्दी की हनक दिखाते हुए धमकी देकर चले गए लोगों को जब जानकारी हुई तो यह कहा जा रहा था कि आखिर किसके आदेश व निर्देश से इंटर लॉकिंग सड़क को उखड़ा गया नगर में रह रहे लोगों के अनुसार यह पहले अपनी जमीनों को बेच दिया था लेकिन जैसे ही भाजपा की पाटी जुड़े तो इनको वहाँ पर आबादी व ग्राम सभा की जमीनों में कब्जा कर फिर बेचने की नीयत जाग उठी लोगो की जुबा जुबा पर दल बदलू नेता के तेवर की चर्चा चल रही थी दबी जुबान लोग यह कहते नही थकते थे कि सत्ता का नशा हैं योगी सरकार में इस तरह के दलबदलुओं को कौन संरक्षण दे रहा है जो सरकार की छवि को निरंतर धूमिल कर एक भूमाफिया पाटी बनाने में लगे हुए हैं कालोनी वासियों की माने तो उनका कहना है कि आराजी संख्या 379 में बनी इंटरलॉकिंग सड़क जो आबादी में दर्ज है शिकायत करता ने इस दल बदल नेता के ऊपर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग किया है जिस पर पुलिस प्रशासन ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# न्यूज झरोखा

## शांतिपूर्ण तरीके से अंबेडकर जयंती मनाने के लिए कोखराज थाने में हुई बैठक



**कोखराज कौशांबी** डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने को लेकर कोखराज थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक रविवार को आयोजित हुई इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में निकलने वाले जुलूसों होने वाली जनसभाओं और बाबा साहब की प्रतिमाओं की सुरक्षा को लेकर एक ठोस योजना बनाना रहा अंबेडकर जयंती पर जुलूस निकालने वाले आयोजकों को बैठक में बुलाया गया थाना प्रभारी ने सभी से उनके रूट और समय की जानकारी ली और साफ शब्दों में कहा कि खुशियां मनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि किसी दूसरे व्यक्ति को असुविधा न हो जुलूस के दौरान यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित रास्तों से ही जुलूस निकलने की हिदायत दी पुलिस ने अपील की है कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया या किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें यदि कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तुरंत थाने में दें थाना प्रभारी ने कहा कि बाबा साहब का जन्मदिन पूरे देश के लिए गौरव का दिन है उन्होंने आयोजकों से अपील की है कि जुलूस में शांति बनाए रखें किसी भी तरह के भड़काऊ गाने न बजाएं और प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान बैठक में उपस्थित सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने का निर्देश थानेदार द्वारा दिया गया है

## प्रतिदिन लग रहा है राजू सक्सेना का हाल-चाल लेने वालों का जमावड़ा



**कौशांबी** नगर पालिका परिषद भरवारी के पत्रकार राजू सक्सेना का ऑपरेशन होने के बाद जैसे ही वह अपने शीश मंदिर कॉलोनी मेहता रोड स्थित आवास पर पहुंचे उनके घर पर राजू सक्सेना का हाल-चाल जानने के लिए बेताब शुभचिंतकों का प्रतिदिन जमावड़ा लगने लगा है पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार भी उनका हाल-चाल लेने अस्पताल पहुंचे थे पूर्व चेयरमैन कैलाश केसरवानी सहित तमाम लोग उनके आवास पर पहुंचकर हाल-चाल जान चुके हैं रविवार को भी राजू सक्सेना का हाल-चाल लेने उनके आवास पर तमाम शुभचिंतक पहुंचे हैं और जल्द स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से की है रविवार को उनके आवास पहुंचने वाले शुभचिंतकों में राधे श्याम गुप्ता शंकर लाल अग्रहरि ऋषि गर्ग टीचर मनोज यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख मदन मिश्रा टीचर रिज़वी डिग्री कॉलेज करारी अजय केशरवानी राम लीला कमेटी के अध्यक्ष नितुल केसरवानी सुशील केशरवानी प्रियंका केशरवानी मंझनपुर सहित तमाम लोगो ने राजू सक्सेना के घर पहुंच कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया

## समीक्षा गोष्ठी,न्यायालयीन मामलों में तेजी ई-समन तामिला और लंबित मुकदमों के निस्तारण पर एसपी का सख्त निर्देश



**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण प्रजापत द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में शनिवार को समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों की प्रभावी पैरवी,ई-समन के त्वरित तामिला, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा थानों में न्यायालय से संबंधित रजिस्टरों ऑर्डर बुक को अद्यतन रखने पर विशेष चर्चा की गई।एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि न्यायालयीन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित कर अभियोजन प्रक्रिया को मजबूत बनाया जाए,जिससे अपराधियों को सजा दिलाने में तेजी आए।गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह,समस्त क्षेत्राधिकारीगण ई-समन सेल,मॉनिटरिंग सेल, माफिया सेल,डीसीआरबी एवं न्यायिक सम्मन सेल के प्रभारी, कोर्ट मोहर्रिर,सभी थानों के पैरोकार तथा न्यायालय आदेशों को रजिस्टरों में अंकित वितरित करने वाले पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। एसपी प्रजापत ने निर्देशित किया कि न्यायालय से निर्गत आदेशों का तत्काल पालन सुनिश्चित किया जाए और सभी अभिलेख व्यवस्थित रखकर पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कौशाम्बी पुलिस का साप्ताहिक स्वच्छता अभियान जारी



**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्य नारायण के निर्देशन में दिनांक 12 अप्रैल 2026 रविवार को जनपद के समस्त थानों पुलिस चौकियों एवं कार्यालयों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा श्रमदान करते हुए थाना परिसर,कार्यालय भवन, मिशन शक्ति केन्द्र, अभिलेख कक्ष, शस्त्रागार, मालखाना, हवालात, सरकारी वाहनों तथा आवासीय परिसरों की गहन साफ-सफाई की गई।साथ ही कूड़ा-करकट का समुचित निस्तारण कर पूरे परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पुलिस विभाग में स्वच्छ, अनुशासित एवं सकारात्मक कार्य वातावरण स्थापित करना तथा स्वच्छता ही सेवा के संदेश को व्यवहार में लाना है। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया तथा आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा यह स्वच्छता अभियान प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है।

## जिलाधिकारी द्वारा गठित संयुक्त जांच समिति ने विभिन्न यमुना बालू घाटों का किया स्थलीय निरीक्षण



**कौशांबी** जिले में यमुना नदी के विभिन्न बालू घाट से अवैध खनन की शिकायतों के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा गठित संयुक्त जांच समिति ने तहसील मंझनपुर क्षेत्र अंतर्गत महेवा घाट,महिला घाट ऐगवा महिलाघाट एवं पाली का सघन स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सिंचाई विभाग एवं क्षेत्रीय पर्यावरण प्रतिनिधि अवर अभियंता द्वारा टीम के साथ तकनीकी मानकों के आधार पर स्थलीय एवं भौतिक सत्यापन किया गया।जांच के दौरान महिला घाट पुल के दाएं एवं बाएं किनारों पर अवैध खनन की पुष्टि नही पाई गई,जिससे संबंधित शिकायत निराधार पाई गई। वहीं,पाली गांव में अवैध खनन की सूचना पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित थाना प्रभारी एवं जिला खनन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मौके पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। अवैध खनन में प्रयुक्त संभावित आवागमन मार्ग,जो घाट तक जाता है,उसे जे.सी.बी.मशीन द्वारा खुदवाकर बाधित किए जाने के निर्देश दिए गए,ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## सम्पादकीय

### ज्ञानेश कुमार को गुस्सा क्यों आता है?

**पांच** राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के बीच केन्द्रीय निर्वाचन आयोग एक बार फिर गलत कारणों से सुर्खियों में आया है। बुधवार को चुनाव आयोग की सोशल मीडिया एक्स पर लिखी एक पोस्ट से सवाल उठने लगे कि क्या एक संवैधानिक संस्था की भाषा और लहजा ऐसा होना चाहिए। दरअसल आयोग के आधिकारिक हैंडल पर लिखा था- चुनाव आयोग की तृणमूल कांग्रेस को दो टूक। पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव भयरहित, हिंसारहित, धमकी रहित, प्रलोभन रहित, छापा रहित, बूथ और सोर्स जामिंग रहित होकर ही रहेंगे।

पहले तो यह संदेह हुआ कि यह वाकई चुनाव आयोग ने लिखा है या किसी ने आयोग की छवि खराब करने के लिए इस तरह तृणमूल कांग्रेस का नाम लेकर दो टूक बात कही है। क्योंकि पहले चुनाव से लेकर अब तक कभी ऐसा नहीं हुआ जब चुनाव आयोग ने सीधे किसी दल का नाम लेकर उसके लिए इस भाषा में बयान दिया हो। विपक्ष और आयोग के बीच कई बार रस्साकशी हुई है। बीते कुछ सालों में यह तनाव ज्यादा बढ़ गया है। जिसमें विपक्ष बार-बार चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाता है और इस बार तो मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद के दोनों सदनों में प्रस्ताव लाने की तैयारी भी विपक्ष ने कर ली थी, जो सफल नहीं हुई। लेकिन इन सबके बावजूद चुनाव आयोग में बैठे लोगों ने किसी एक दल का नाम लेकर ऐसी टिप्पणी नहीं की, जो अब की गई है। इसके बाद अब यही बचता है कि चुनाव आयोग विपक्ष के नेताओं का नाम लेकर उन्हें जवाब देने लगे। क्योंकि निष्पक्षता नाम की चिड़िया शायद डाल से उड़ चुकी है।

यह पोस्ट चुनाव आयोग ने ही डाली है, इसमें कोई संदेह नहीं रह गया है, क्योंकि इसकी बाकायदा पृष्ठभूमि भी सामने आई है। दरअसल पश्चिम बंगाल में एसआईआर के बाद 90.66 लाख वोटरों के नाम हटाने के विरोध में टीएमसी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मिला। डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष, साकेत गोखले और मेनका गुरुस्वामी इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे। टीएमसी के इस दल ने मुख्यतः दो बातों पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा कि ममता बनर्जी ने अब तक नौ पत्र चुनाव आयोग को लिखे हैं, लेकिन लंबे समय से आयोग चुप बैठा है, पत्रों का जवाब नहीं दे रहा। और दूसरी शिकायत नंदीग्राम में मुख्य चुनाव अधिकारी और एक वरिष्ठ भाजपा नेता के बीच कथित सांठगांठ को लेकर थी। ये कोई ऐसी शिकायतें नहीं हैं, जिनका जवाब नहीं दिया जा सकता। लेकिन चार लोगों के साथ यह बैठक केवल सात मिनट ही चली। टीएमसी का आरोप है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उनकी बातें नहीं सुनी और सात मिनट की बातचीत के बाद उन्हें गेट आउट कहा। डेरेक ओब्रायन ने कहा, 'चुनाव आयोग ने हमें अपमानित किया और परिसर छोड़ने को कहा। फिर उन्होंने सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी फैलाई। यह भाजपा की साजिश है। लोकतंत्र की आत्मा पर हमला है।'

आपको बता दें कि चुनाव आयोग की उपरोक्त पोस्ट इस बैठक के बाद ही आई है।

## किशोर आक्रामकता एवं हिंसा पर अंकुश लगाने की पहल हो

**-ललित गर्ग-**

**भारतीय** किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से किशोरों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में किशोरों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। बदलते समय के साथ समाज के व्यवहार में आई यह हिंसक तीव्रता और आक्रामकता अब केवल वयस्कों तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसका सबसे चिंताजनक प्रभाव किशोर पीढ़ी पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना ज्यादा परेशान करने वाला है। हाल के वर्षों में किशोरों द्वारा किए गए अपराधों की संख्या और उनकी क्रूरता ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। यह केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह गया, बल्कि यह सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्यों, शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक प्रभावों के गहरे संकट का संकेतक बन चुका है।

दिल्ली के दयालपुर क्षेत्र में मात्र चार सौ रुपये के विवाद में एक युवक की नृशंस हत्या, जिसमें तीन किशोरों ने बेरहमी से चाकू घोंपे और चौथा उसका वीडियो बनाता रहा, इस विकृति का भयावह उदाहरण है। यह घटना केवल एक हत्या नहीं, बल्कि संवेदनाओं के क्षरण, नैतिकता के पतन और कानून के भय के समाप्त हो जाने का प्रतीक है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि आखिर किशोरों में यह दुस्साहस और हिंसात्मक प्रवृत्ति कहां से जन्म ले रही है? वस्तुतः, किशोर अपराधों के बढ़ते ग्राफ के पीछे कई परस्पर जुड़े हुए कारण हैं, जिनका विश्लेषण आवश्यक है। सबसे पहला और प्रमुख कारण है पारिवारिक संरचना का विघटन। पहले संयुक्त परिवारों में बच्चों को दादा-दादी, चाचा-चाची और अन्य सदस्यों के सान्निध्य में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक मयार्दाओं का सहज प्रशिक्षण मिलता था। आज एकल परिवारों में माता-पिता की व्यस्तता और समयाभाव के कारण बच्चों के साथ संवाद का अभाव हो गया है। परिणामस्वरूप, किशोर अपनी समस्याओं और जिज्ञासाओं का समाधान बाहर ढूंढते हैं, जो कई बार उन्हें गलत दिशा में ले जाता है।

दूसरा महत्वपूर्ण कारण है डिजिटल और सोशल मीडिया का अनियंत्रित प्रभाव। इंटरनेट ने जहां ज्ञान के द्वार खोले हैं, वहीं अपराध, हिंसा और अश्लीलता से भरी सामग्री भी किशोरों के लिए सहज उपलब्ध कर दी है। फिल्मों, वेब सीरीज और टीवी धारावाहिकों में हिंसा को जिस प्रकार ग्लैमराइज किया जाता है, वह किशोर मन को प्रभावित करता है। वे अपराध को एक साहसिक कार्य या रोमांच के रूप में देखने लगते हैं। कई बार वे यह भूल जाते हैं कि वास्तविक जीवन में इसके गंभीर और जीवन विनाशक घातक परिणाम होते हैं। तीसरा पहलू शिक्षा व्यवस्था का है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा और रोजगार तक सीमित हो गया है। नैतिक शिक्षा, चरित्र निर्माण और जीवन मूल्यों पर आधारित शिक्षण लगभग समाप्त हो गया है। शिक्षकों की भूमिका भी अब मार्गदर्शक की बजाय केवल पाठ्यक्रम पूर्ण करने तक सीमित हो गई है। विद्यालयों में अनुशासन और संवाद का जो वातावरण होना चाहिए, वह धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता भी किशोरों को प्रभावित कर रही है। जब वे अपने आसपास छोटे-छोटे विवादों में लोगों को हिंसक होते देखते हैं, तो यह उनके लिए सामान्य व्यवहार बन जाता है। राजनीति, मीडिया और सामाजिक जीवन में बढ़ती कटुता और टकराव की प्रवृत्ति किशोरों के मन में भी उसी प्रकार की प्रतिक्रियाएं उत्पन्न करती है। किशोर अपराधों के पीछे एक और गंभीर कारण है आपराधिक गिरोहों द्वारा उनका उपयोग। चूंकि कानून में किशोरों के लिए अपेक्षाकृत नरमी होती है, इसलिए अपराधी गिरोह उन्हें अपने कार्यों के लिए मोहरे के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी किशोरों को अपराध की ओर धकेलती है।



नशे की लत पूरी करने के लिए वे चोरी, लूट और यहां तक कि हत्या जैसे गंभीर अपराध करने से भी नहीं हिचकते।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि किशोर न्याय से जुड़े कानूनों का लचीलापन कई बार अपराधियों के लिए सुरक्षा कवच बन जाता है। गंभीर अपराधों में संलिप्त होने के बावजूद किशोरों को शीघ्र रिहा कर दिया जाता है, जिससे उनमें कानून का भय समाप्त हो जाता है। इस संदर्भ में यह बहस भी समय-समय पर उठती रही है कि गंभीर अपराधों में संलिप्त किशोरों के लिए वयस्कों जैसा दंड प्रावधान होना चाहिए या नहीं? हालांकि केवल कानून को कठोर बनाना ही समाधान नहीं है। समस्या की जड़ें कहीं अधिक गहरी हैं और इसके समाधान के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। सबसे पहले परिवार को अपनी भूमिका को पुनः समझना होगा। बच्चों के साथ संवाद बढ़ाना, उनके मानसिक और भावनात्मक विकास पर ध्यान देना और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना अत्यंत आवश्यक है। माता-पिता को यह समझना होगा कि केवल भौतिक सुविधाएं प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय और संस्कार देना अधिक महत्वपूर्ण है।

दूसरे, शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। विद्यालयों में नैतिक शिक्षा, जीवन कौशल और व्यवहारिक प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। शिक्षकों को केवल ज्ञान प्रदाता नहीं, बल्कि मार्गदर्शक और प्रेरक की भूमिका निभानी होगी। स्कूलों में काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत करना भी जरूरी है ताकि किशोर अपनी समस्याओं को साझा कर सकें। तीसरे, मीडिया और मनोरंजन उद्योग को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी समझनी होगी। हिंसा और अपराध को महिमामंडित करने के बजाय सकारात्मक और प्रेरणादायक सामग्री का निर्माण किया जाना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी कंटेंट की निगरानी और नियंत्रण को सख्ती से लागू करना होगा। चौथे, पुलिस और प्रशासन को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा। केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय, अपराध की रोकथाम पर अधिक ध्यान देना होगा। समुदाय आधारित पुलिसिंग, स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और किशोरों के साथ संवाद जैसी पहलें प्रभावी हो सकती हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निमार्ताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है। इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

यदि एक किशोर अपराध की राह पर जाता है, तो उसमें कहीं न कहीं परिवार, समाज, शिक्षा और व्यवस्था की भी जिम्मेदारी होती है। आज आवश्यकता है एक समन्वित और संवेदनशील दृष्टिकोण की, जिसमें सरकार, समाज, परिवार और शिक्षा संस्थाएं मिलकर कार्य करें। केवल दंड से नहीं, बल्कि संवाद, संस्कार और सकारात्मक मार्गदर्शन से ही इस समस्या का स्थायी समाधान संभव है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आक्रामकता आने वाली पीढ़ियों के लिए और भी गंभीर संकट का रूप ले सकती है। इसलिए यह समय चेतने का है, सोचने का है और मिलकर समाधान खोजने का है, ताकि हमारी किशोर पीढ़ी हिंसा की राह छोड़कर सृजन और संवेदना के मार्ग पर अग्रसर हो सके।

## आजाद समाज सेवा समिति ने कलेक्ट्रेट गेट के बगल किया वाटर कूलर भेंट

**सुलतानपुर । प्रत्येक** वर्ष की भांति इस वर्ष भी आजाद समाज सेवा समिति द्वारा कलेक्ट्रेगेट के निकट जरूरतमंदों को निशुल्क पानी पीने के उद्देश्य से वाटर कूलर स्थापित कराया गया। जिसका शुभारंभ अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व देश भक्ति के जोरदार नारों के बीच संस्था के संस्थापक व राज्यसभा सांसद संजय सिंह द्वारा किया गया। वाटर कूलर के शुभारंभ के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सांसद संजय सिंह ने कहा कि सन 1994 में आजाद समाज सेवा समिति का गठन जरूरतमंदों की सेवा व रचनात्मक कार्यों के उद्देश्य से किया गया था। तब से लेकर आज तक यह संस्था कलेक्ट्रेट गेट के बगल ही जरूरतमंदों को स्वच्छ व ठंडा पानी




पीने के उद्देश्य से निशुल्क प्याऊ व्यवस्था अनवरत करती रही है। इसके अतिरिक्त रक्त के अभाव से जिंदगी मौत से जूझ रहे मरीज की जान बचाने हेतु रक्तदान जिला अस्पताल में लावारिस मरीजों की देखरेख अमर शहीदों की जयंती वी पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न आयोजन करना से बचने के लिए ठंड के महीने में लोगों को ठंड से बचने के लिए हजारों लोगों को कंबल वितरण गरीब बच्ची सैकड़ो बच्चियों को पढ़ाई के लिए उद्देश्य से साइकिल वितरण, सैकड़ो महिलाओं के जीव कोपार्जन हेतु ।सिलाई मशीन का वितरण जैसे रचनात्मक कार्य संस्था द्वारा अनवरत 32 वर्षों से किया जाता रहा है जिसके लिए संस्था के समस्त पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं सांसद संजय सिंह ने यह भी कहा कि संस्था कभी भी सरकारी आर्थिक सहयोग नहीं लेती बल्कि सुल्तानपुर की संभ्रांत जनता के सहयोग से संस्था निरंतर कार्य करती रही है। इसके लिए जनपद के समस्त सहयोगियों का धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

## भदोही में फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य, बिना पंजीकरण नहीं मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जनपद** में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज कर दिया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि भविष्य में बिना पंजीकरण के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा समेत अन्य योजनाओं का लाभ नहीं दिया जाएगा।जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि जनपद में कुल 1,66,267 कृषक पंजीकृत हैं, जिनमें से 1,56,751 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। वहीं, 9,516 किसानों का पंजीकरण अभी बाकी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत रजिस्ट्री सुनिश्चित कराई जाए।



जिलाधिकारी ने साफ कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

प्रशासन की ओर से 6 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक सभी ग्राम पंचायतों में विशेष फार्मर रजिस्ट्री कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों में लेखपालों द्वारा खतौनी से जुड़ी त्रुटियों का सुधार भी किया जा रहा है।

साथ ही पंचायत, राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी मिलकर किसानों का पंजीकरण करा रहे हैं। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील की है कि जिनकी रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई है, वे अपने ग्राम पंचायत भवन पर पहुंचकर जल्द से जल्द पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री पूरी होने के बाद ही किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारु और पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा।

प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध तरीके से लक्ष्य को पूरा किया जाए।

## 7 साल की मासूम से दरिंदगी का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**सुलतानपुर, जनपद** के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम मुरारपुर में 9 अप्रैल को हुई इस वारदात के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। आरोपी की पहचान पिंकू बनवासी (22 वर्ष) के रूप में हुई है।

पुलिस टीम जब दबिश देने पहुंची तो पखरौली रेलवे क्रॉसिंग के पास आरोपी ने अवैध तमंचे से पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाब में




पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें आरोपी घायल हो गया।

घायल आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से .315 बोर का तमंचा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पहले से दर्ज दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले के अलावा आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं में भी मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अंतरराज्यीय पशु चोर गिरोह का पदार्फाश, 6 गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। जनपद** भदोही में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतरराज्यीय पशु चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। अभिनव त्यागी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत, शुभम अग्रवाल एवं प्रभात राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 32 भेड़, 15 बकरियां, ?25,000 नकद, एक अपाचे मोटरसाइकिल तथा कई पहचान पत्र बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर पशुओं की चोरी कर उन्हें सुल्तानपुर व



फतेहपुर मंडियों में बेचते थे।

पुलिस ने तीन मुकदमों (गोपीगंज व कोइरौना) का सफल अनावरण करते हुए आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को ?25,000 का पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

## अंबेडकर जयंती पर जनसेवा का अनूठा उदाहरण, पांच स्थानों पर लगे स्वास्थ्य शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के मुहम्मदाबाद विकास खंड व तहसील अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्र में जनसेवा की एक सराहनीय पहल देखने को मिली। स्थानीय तहसील, खंड विकास क्षेत्र और कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड जफरपुरा समेत पांच प्रमुख स्थानों पर भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ उठाया।




यह आयोजन जिला प्रशासन के निर्देशन में किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. आशीष राय के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराईं।

शिविर के साथ-साथ संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को मच्छरों से बचाव, स्वच्छता बनाए रखने और पानी के उचित प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मलेरिया से बचाव के उपायों पर विशेष जोर देते हुए मच्छरदानी के उपयोग और आसपास सफाई रखने की अपील की गई।

स्वास्थ्य शिविर ग्राम अहिरौली (शिव मंदिर के पास), सेमरा (अंबेडकर पार्क), आबादान उर्फ बैरान (पंचायत भवन), चकवाकर रजेला (प्राथमिक विद्यालय) तथा धार नगर जफरपुरा (संत रविदास मंदिर) के समीप आयोजित किए गए। इन सभी स्थानों पर लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली।

डॉक्टरों ने बदलते मौसम को ध्यान में रखते हुए लोगों को सचेत किया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लू और डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, तेज धूप से बचना और शरीर को ठंडा रखना बेहद जरूरी है।

यह पहल न केवल लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सफल रही, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम भी बनी।

## भदोही में कोडीन कफ सिरप के अवैध कारोबार का खुलासा, 35 लाख से अधिक के फर्जी लेनदेन में आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही/गोपीगंज:**

**जनपद में** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध क्रय-विक्रय और तस्करी के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने फर्जी बिलिंग के जरिए करीब 35 लाख रुपये से अधिक मूल्य के लाखों बोतल कफ सिरप का अवैध कारोबार किया।

मामले की शुरूआत औषधि निरीक्षक, आजमगढ़ की रिपोर्ट से हुई, जिसमें बताया गया कि कुछ फर्मों द्वारा भारी मात्रा में फेन्सेडिल कफ सिरप की बिक्री भदोही के मेडिकल स्टोरों को दिखाई गई। जांच में सामने आया कि कोडीन युक्त इस सिरप का उपयोग नशे के रूप में भी किया जाता है और इसे बिना वैध चिकित्सकीय प्रक्रिया के बाजार में बेचा जा रहा था।

जांच के दौरान यह भी पता चला कि संबंधित फर्मों द्वारा कागजों में बड़ी मात्रा में दवाओं का क्रय-विक्रय दशार्या गया, लेकिन वास्तविक रूप से माल की आपूर्ति नहीं की गई। इसे अवैध रूप से डायवर्ट कर मुनाफा कमाने के उद्देश्य से तस्करी में इस्तेमाल किया गया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए गए अभियान में मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी विजय गुप्ता को मानिकपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। आरोपी वाराणसी का निवासी है और अंतरजनपदीय स्तर पर इस नेटवर्क से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर करीब 2.44 लाख बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप का फर्जी लेनदेन दिखाया। इस पूरे मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार में शामिल अन्य आरोपियों के खिलाफ भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

## क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी की छत्रछाया में फल-फूल रहा अवैध नर्सिंग होम कारोबार

**सुलतानपुरजनपद** में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी के कथित संरक्षण में जिले भर में नर्सिंग होम का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है।सूत्रों के मुताबिक, आयुष डिग्रीधारी चिकित्सक अस्पतालों का पंजीकरण कराकर अपने प्रतिष्ठानों के बोर्ड पर एमबीबीएस व एमएस चिकित्सकों के नाम प्रदर्शित कर रहे हैं, जबकि संबंधित चिकित्सकों की वास्तविक उपस्थिति अस्पतालों में नहीं पाई जा रही है।बताया जा रहा है कि इन



अस्पतालों में आयुर्वेदिक चिकित्सक स्वयं ओपीडी का संचालन कर रहे हैं। साथ ही, कुछ स्थानों पर बिना मान्य डिग्री के सर्जरी किए जाने के भी आरोप हैं, जिसे नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जा रहा है।विभागीय सूत्रों का दावा है कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा कथित रूप से अस्पताल संचालकों से अवैध वसूली की जा रही है। ट

# बिना फार्मर रजिस्ट्री नहीं मिलेगा लाभ 15 अप्रैल तक कराएं पंजीकरण

अखंड भारत संदेश



**मऊ/चित्रकूट।** तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व और लाभों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के निर्देशों के अनुसार, यदि किसान 15 अप्रैल तक अपना फार्मर रजिस्ट्रेशन नहीं कराते हैं, तो उन्हें सरकार की किसी भी कल्याणकारी योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

सरकार द्वारा फार्मर रजिस्ट्री को एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में शुरू किया है। इसका उद्देश्य किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ आसानी से पहुंचाना है। उप जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों को 15 अप्रैल तक शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए विशेष कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। किसानों से अपील की गई है, कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसेवा केंद्रों या लेखपालों द्वारा लगाए गए कैंपों में जाकर अपना पंजीकरण कराएं। लापरवाही बरतने वाले राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ मिलेंगे। इसमें कृषि उत्पादों का सुविधाजनक वितरण, राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ, फसली ऋण की आसान उपलब्धता और किसान क्रेडिट कार्ड का त्वरित वितरण शामिल है। उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बिना फार्मर रजिस्ट्री के किसानों को खाद और बीज जैसी आवश्यक चीजें भी नहीं मिलेंगी। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाते हुए 15 अप्रैल तक अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। इसके लिए वे अपने संबंधित गांव के लेखपाल या जनसेवा केंद्र से संपर्क कर सकते हैं।

## हिमांशु को नियुक्त किया पैनल अधिवक्ता



**चित्रकूट।** मुख्यालय के बलदाऊगंज निवासी शिक्षक गौरी शंकर द्विवेदी के पुत्र युवा अधिवक्ता हिमांशु द्विवेदी को प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में पैनल अधिवक्ता नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय समाजसेवियों और अधिवक्ताओं ने प्रसन्नता का इजहार किया है। गौरतलब है कि अधिवक्ता हिमांशु द्विवेदी ने वर्ष 2021 से इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत शुरू की थी। वह वर्तमान समय में राष्ट्रीय हिंदू संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। उन्होंने इंटर तक की शिक्षा चित्रकूट इंटर कालेज और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढाई की है। उनकी नियुक्ति पर विजय द्विवेदी, नितीश सोनी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, अंकिता द्विवेदी, केशव सिंह, श्रीकांत पाण्डेय, शिवम द्विवेदी, मनजीत गुप्ता, पीयूष शुक्ला, शुभम द्विवेदी, राजीव त्रिपाठी, सतेन्द्र दुबे व सोनू पाण्डेय आदि ने प्रसन्नता का इजहार किया है।

# पेट की गैस से मुक्ति दिलाता है सुप्त पवनमुक्तासन

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जनपद के मुख्यालय स्थित कुबेर गंज में योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने योग कराते हुए बताया कि समस्त रोगों की पैदाइश पेट से प्रारंभ होती है। जब पेट में कब्ज रहता है, कब्ज के रोगियों के लिए विशेष गुणकारी योग पवनमुक्तासन के विभिन्न भाग हैं। सुप्तपवनमुक्तासन योग का एक प्रकार है। पवन का अर्थ है गैस अर्थात हवा और मुक्त का अर्थ है समाप्त होना अर्थात वह योग जो पेट की गैस से मुक्ति दिलाता है। मल निष्कासन में कठिनाई, उदर की कमजोरी के कारण होने वाला सर दर्द, रीढ़ को सशक्त बनाने वाला, हृदय विकार ठीक करने वाला, श्वास रोगियों के लिए विशेष लाभकारी है, चेहरे में तेज ओज बढाने वाला, बालों को असमय झड़ने से बचाने वाला, शरीर को छरहरा बनाने में पवनमुक्तासन बहुत ही सहायक सिद्ध है। इसे करने के लिए शवासन की स्थिति में सीधे लेट जाते हैं। दाएं पैर को घुटने से मोड कर जंधा को सीने की तरफ लाते हैं इसके बाद दोनों हाथों के पंजों को आपस में फंसा कर घुटनों पर रखकर श्वास बाहर निकालते हुए हाथों से दबाव देते हुए जंघा को सीने से चिपकाने की कोशिश करते हैं। सिर को ऊपर उठकर नाक से घुटने को स्पर्श कराते हैं। कुछ देर इसी स्थिति में ठहरते हैं फिर पैर को वापस लाकर शवासन में आते हैं। स्वास और आसन के प्रति सजग रहते हुए यही क्रिया दूसरे पैर से दोहराते हैं और दोनों तरफ से इसे 3 से 5 बार तक पैर बदलकर बारी-बारी से करते हैं और अंत में शवासन में विश्राम करते हैं। सावधानी के तौर पर सर्वाइकल दर्द में सिर ऊपर उठाकर घुटने से नहीं लगाते। क्रिया को धीरे-धीरे करने की कोशिश करते हैं।

# बाल अधिकारों को लेकर समिति ने चलाया जागरुकता अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट ।** बाल अधिकारों के लिए कार्य कर रही संस्था जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रेन की सहयोगी संस्था जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति चित्रकूट द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, चकौध में बाल विवाह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समिति के सचिव शंकर दयाल ने बताया कि बाल विवाह रोकने के लिए जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के विषय में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया है जिसका शास्त्रों में विशेष महत्व है। हर वर्ष अक्षय तृतीया के महत्व को देखते हुए जनमानस में अपने बच्चों के शादी विवाह आदि करने का प्रचलन भी है। जिसमें बाल विवाह होने की संभावनाएं बनी रहती हैं। नीति आयोग की जिला को-ऑर्डिनेटर पूजा यादव ने कहा की बाल विवाह करना उतना ही महापाप है जितना अक्षय तृतीया को किया गया शुभ कार्य होता है। जनपद के समस्त जनमानस को जागरूक होना चाहिए कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाज से खत्म करना हर समाजसेवी और जागरूक नागरिक का कर्तव्य बनता है। सभी मंदिर व मंदिरों के पुजारी, धर्मशाला, विवाह स्थल, लॉज, होटल, रिसोर्ट के मालिक कर्मचारियों को सावधान रहना होगा। कोई भी विवाह के आयोजन में वर वधु की उम्र की जांच जरुर कर लें। साथ ही पंडित का काम करने वाले पुजारी, मौलवी, पादरी तथा सहयोगी जैसे माली, हलवाई अन्य सहयोगी प्रतिष्ठानों को भी बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए जागरुक होकर कड़े प्रयास करने चाहिए। किसी भी व्यक्ति को बाल विवाह में सम्मिलित होने सहयोग करने की दशा में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

चाइल्ड लाइन के प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर विशेष कुमार त्रिपाठी ने अपने ने कहा की बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष शादी के लिए निर्धारित की गई है। इससे कम उम्र पर शादी करने पर जेल हो सकती है। बाल विवाह एक सामाजिक बुराई के साथ-साथ गैरकानूनी भी है, जो बालिकाओं के शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और विकास में बाधा भी है। मुदित मिश्रा ने कहा कि सरकार द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 लागू किया गया है। फिर भी कई ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में सामाजिक परंपराओं शिक्षा, गरीबी, लैंगिक भेदभाव और जागरूकता के अभाव के कारण यह प्रथा आज भी विद्यमान है। बाल विवाह के कारण बालिकाओं को कम आयु में गर्भधारण, कुपोषण, घरेलू हिंसा, शिक्षा से वंचित होना तथा मानसिक तनाव जैसी अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह न केवल उनके व्यक्तिगत अधिकारों का हनन है, बल्कि राष्ट्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी बाधक है।

चाइल्ड लाइन की दीपा शुक्ला ने कहा कि भारत में बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है जो बच्चों विशेष कर बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। बाल विवाह से बच्चों के मौलिक अधिकारों का भी हनन होता है। हमारे संविधान में बच्चों को स्वास्थ्य का अधिकार, विकास का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, समानता का अधिकार, हिंसा एवं शोषण मुक्त जीवन जीने का अधिकार, सहमति से विवाह करने अधिकार प्राप्त है। बाल विवाह से इन सभी अधिकारों का हनन होता है। दीपा शुक्ला ने सभी से अपील की, कि आपके आसपास पड़ोस में कहीं भी बाल विवाह हो रहा हो या होने की संभावना हो तो इसकी सूचना आप फोन के माध्यम से 1098, 100 नंबर या 112 पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जाती है। सूचना देते समय आपको अपना नाम पता भी बताने की जरूरत नहीं है। आपकी सूचना से अगर एक भी बाल विवाह रुकता है तो निश्चित तौर पर आप एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा रहे होते हैं। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के अध्यापकों तथा बच्चों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए।

# लोकतंत्र सेनानियों ने साझा किए आपातकाल के अनुभव

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** धर्मनगरी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में सोमवार को राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी मिलन समिति के तत्वावधान में महासंगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न राज्यों से आए सेनानियों ने भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न राज्यों आए लोकतंत्र सेनानियों ने आपातकाल के दौर की परिस्थितियों को याद करते हुए नई पीढ़ी को लोकतंत्र के महत्व से अवगत कराया तथा समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन ने समाज में रचनात्मक कार्यों के लिए सभी से आगे आने का आह्वान किया। लोकतंत्र सेनानी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश राणा ने वर्तमान समय में लोकतंत्र सेनानियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति किसी की आलोचना नहीं करती और सभी को सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए। आपातकाल सेनानी समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पांडेय ने कहा कि आपातकाल सेनानी समिति और राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी मिलन समिति मिलकर भविष्य में संयुक्त रूप से कार्य करेंगी। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश आर्य ने समिति के उद्देश्य और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश राघव ने की।

इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी समिति के राष्ट्रीय महामंत्री आनंद प्रकाश आर्य, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. रतन कुमार पारीक, शीतल प्रसाद अग्रवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक नवल किशोर मिश्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, राष्ट्रीय मंत्री राकेश जैन, महाराष्ट्र के जगन्नाथ सहाने, उड़ीसा के सुशील पांडेय, बलिया के चंद्रशेखर सिंह, लखनऊ के ओंकार सिंह, बिहार के सांवलिया गिरी, मथुरा के आचार्य देवेंद्र चैतन्य आदि मौजूद रहे।

## रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में एमबीए के छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**चित्रकूट।** जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट के एमबीए अंतिम वर्ष के 13 होनहार छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में अपनी प्रतिभा का दिखाई है। जिसमें केपी रिलायबल कंपनी में 13 छात्रों का चयन हुआ, जबकि एक छात्रा का चयन टैक्सट्रॉन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ में चयन हुआ है।

यह सफलता विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की अथक मेहनत और छात्रों की कड़ी तैयारी का प्रमाण है। कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करती है। रजिस्ट्रार मधुरेंद्र कुमार पर्वत ने भी छात्रों की इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. रवि प्रकाश शुक्ला एवं विनीत पाण्डेय ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रोत्साहन और उद्योग जगत से मजबूत संबंधों के कारण छात्रों को शीर्ष कंपनियों तक पहुंचाने में सफलता मिली। डॉ. शुक्ला ने छात्रों को साक्षात्कार कौशल, तकनीकी ज्ञान और कॉर्पोरेट एटिकेट में निपुण बनाया, जिससे वे प्लेसमेंट प्रक्रिया में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में और अधिक सफलताओं की अपेक्षा जताई।

# बुंदेलखंड क्षेत्र में भूजल स्तर की गतिशीलता का विस्तृत आकलन

## मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विभाग के छात्र प्रदीप सिंह परिहार का लेख

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट ।** बुंदेलखंड, यह नाम सुनते ही मन में सूखे की तस्वीर उभर आती है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर बसा यह क्षेत्र अपनी प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहर और कृषि-प्रधान अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है, लेकिन आज यह जल संकट का प्रतीक बन चुका है। यहां की मिट्टी कठोर चट्टानी है, वर्षा अनियमित और भूजल स्तर लगातार बदल रहा है। इस लेख में हम बुंदेलखंड में भूजल की गतिशीलता का विस्तृत मूल्यांकन करेंगे इसके भूगोल से लेकर वर्तमान स्थिति, समस्याओं, प्रभावों और समाधान तक। यह आकलन विभिन्न सरकारी रिपोर्टों, अध्ययनों और क्षेत्रीय सर्वेक्षणों पर आधारित है, ताकि पाठक को पूरी तस्वीर मिल सके। प्रदीय सिंह परिहार ने अपने लेख के माध्यम से बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र उत्तर प्रदेश के सात जिलों (बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा) और मध्य प्रदेश के कुछ जिलों (छतरपुर, दमोह, दतिया, पन्ना, निवाड़ी, टीकमगढ़ आदि) को मिलाकर लगभग 29,000 वर्ग किलोमीटर में फैला है। यह विंध्य पर्वतमाला और यमुना नदी के बीच स्थित है। भू-आकृति मुख्यतः पठारी और चट्टानी है- ग्रेनाइट, गनीस और विंध्यन चट्टानों से बनी। यहां की मिट्टी काली और लाल दोनों प्रकार की है, जो पानी को जल्दी सोखने नहीं देती। क्षेत्र की नदियां जैसे बेतवा, केन, पहुज, धसान और बागै मुख्य रूप से मानसून पर निर्भर हैं। औसत वर्षा 800-1000 मिमी है, लेकिन 90 प्रतिशत पानी मात्र 40-50 दिनों में गिरता है। बाकी समय सूखा पड़ता है। भूजल यहां की जीवनरेखा है, क्योंकि सतही जल स्रोत सीमित हैं। कृषि, पेयजल और पशुपालन सब भूजल पर टिके हैं।

### जल स्तर की गतिशीलता : ऐतिहासिक और वर्तमान स्थिति

भूजल स्तर की गतिशीलता का मतलब है इसका ऊपर-नीचे होना, रिचार्ज (पुनर्भरण) और निकासी का संतुलन। बुंदेलखंड में यह गतिशीलता काफी जटिल है। 2006 से 2016 तक के आंकड़ों के अनुसार, क्षेत्र के 60ः कुओं में पानी का स्तर 4 मीटर तक गिरा। कठोर चट्टानी एक्कीफर (जलभृत) के कारण पानी तेजी से नहीं रिचार्ज होता। 2024 के केंद्रीय भूजल बोर्ड के डायनामिक ग्राउंडवाटर असेसमेंट के अनुसार, बुंदेलखंड के 14 जिलों में से 10 जिले ह्यसुरक्षितह्य श्रेणी में हैं, जबकि तीन जिले ह्यक्रिटिकलह्य तथा अन्य ह्यसेमी-क्रिटिकलह्य है। कुल वार्षिक भूजल रिचार्ज और निकासी का अनुपात ज्यादातर जिलों में 70 प्रतिशत से कम है, जो अच्छा संकेत है। लेकिन कुछ जिलों जैसे चित्रकूट, छतरपुर और बांदा में निकासी का प्रतिशत 70-90 प्रतिशत या इससे अधिक पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश भाग में कुल वार्षिक निकासी लगभग 70 प्रतिशत के आसपास है, जबकि मध्य प्रदेश में 58 प्रतिशत। फिर भी, पूर्व-मानसून में पानी का स्तर 10-20 मीटर नीचे चला जाता है और पोस्ट-मानसून में कुछ सुधार होता है। अध्ययनों से पता चलता है कि 2002-2017 के बीच भूजल स्टोरेज में औसतन 7.59 सेमी की गिरावट हुई, और 2032 तक यह और बिगड़ सकता है।

### भू जल की स्थिति

अनियमित वर्षा और जलवायु परिवर्तनः मानसून में भारी बारिश एक-दो घंटे में हो जाती है, जिससे रन-ऑफ बढ़ता है और रिचार्ज कम। पिछले 20 वर्षों में 13 सूखे पड़ चुके हैं। तापमान बढ़ने से वाष्पीकरण बढ़ा है। कठोर भू-आकृतिः चट्टानी क्षेत्र में एक्कीफर की क्षमता कम। पानी की परत पतली और गहरी है। अति दोहनः गेहूं, चना जैसी फसलों के लिए बोरवेल और ट्यूबवेल का बढ़ता उपयोग। महोबा, चित्रकूट, ललितपुर जैसे जिलों में निकासी 70ः से ऊपर पहुंच गई। पारंपरिक संरचनाओं का क्षरणः हवेली, तालाब, चेक डैम सिल्ट से भर गए। पहले वर्षा का 15ः रिचार्ज होता था, अब कम। प्रदूषणः कीटनाशक और घरेलू कचरा भूजल को प्रभावित कर रहा है।

### भविष्य की दिशा और सुझाव

भूजल गतिशीलता को स्थिर रखने के लिए फसल विविधीकरण के तहत कम पानी वाली फसलें (ज्वार, बाजरा) व ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही हर वर्ष रिचार्ज संरचनाएं बनाना चाहिए तथा भूजल स्तर की निरंतर निगरानी करनी चाहिए। यदि हम आज कदम उठाएं, तो बुंदेलखंड का भूजल स्तर स्थिर हो सकता है। यह सिर्फ पानी की समस्या नहीं, बल्कि जीवन-जीविका और पर्यावरण की है।

### निष्कर्ष

बुंदेलखंड की भूजल गतिशीलता एक चुनौती है, लेकिन अवसर भी। 2024 का आकलन सकारात्मक है, फिर भी सतर्कता जरूरी है। समुदाय, सरकार और वैज्ञानिकों के संयुक्त प्रयास से यह क्षेत्र जल-सुरक्षित बन सकता है।

## भीम रेस का किया गया आयोजन

**चित्रकूट।** अंबेडकर सेवा समिति व माया सर्व सेवा संस्थान के द्वारा सीतापुर कस्बे में भीम रेस का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजक जितेंद्र सोनकर द्वारा भीम आर्मी जिला संयोजक संजय गौतम को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया। इस भीम रेस कार्यक्रम में लगभग 150 बालक बालिकाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को पुरस्कृत करते हुए अन्य बच्चों को सम्मान पुरस्कार दिया गया। यह संदेश अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में देते हुए जितेंद्र सोनकर तथा संजय कुमार गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर चाहते थे कि हमारे समाज के बच्चे पढ़े लिखे तथा क्रीडा के क्षेत्र में भी सहभागी बनें और अपना स्थान प्राप्त करें। इस अवसर पर श्रीपाल प्रजापति, रमाशंकर प्रजापति, राजेश सोनकर, उमेश वर्मा, अशोक कुमार गौतम सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान आयोजित

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से कामदगिरि स्वच्छता समिति एवं नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम द्वारा रविवार को विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता के कुशल निर्देशन में कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में संचालित किया गया। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस दौरान लोगों को कूड़ा इधर-उधर न फेंकने, पॉलिथीन का उपयोग न करने तथा डस्टबिन का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए परिक्रमा मार्ग को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने की अपील की। स्वच्छ भारत मिशन (नगरी) के जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से गीले एवं सूखे कचरे को पृथक करके देने तथा निर्धारित स्थान पर ही कूड़ा डालने का आग्रह किया। अभियान के दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्यकताओं द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया गया तथा नगरवासियों से भी सक्रिय सहभागिता की अपील की गई।

इस अवसर पर रसूल खान (वन विभाग), जितेंद्र केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंजू वर्मा, विनोद कुमार, जानकी त्रिपाठी, देशराज शुक्ला, सफाई नायक जानकी कुशवाह, सफाई नायक विनोद सहित अन्य कर्मचारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी सीतापुर यदुवीर सिंह व आरक्षी अनुज यादव, आरक्षी रविन्द्र राठौर द्वारा अभियुक्त राम बाबू पुत्र नत्थू प्रसाद कहार निवासी वन शाखा थाना गिरवां बांदा वर्तमान पता बांध तालाब सीतापुर को 45 पाउच देशी शराब एवं उपनिरीक्षक सुभाष राम, आरक्षी आकाश सेन व आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी खजुरिहा कला थाना रैपुरा संतोष कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी जगदेव दास का अखाड़ा दुगार्कुंज तरौंहा थाना कर्वी को कुल 45 अदद पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में थाना रैपुरा में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 21 अप्रैल को सेवानिवृत्त कर्मचारी करेंगें प्रदर्शन

**मऊ/चित्रकूट।** जनपद के मऊ खंड परिसर में सेवानिवृत्त पेंशनरों के संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की तहसील स्तरीय थी, जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष उदयभान सिंह ने की।

बैठक में जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार द्विवेदी और अन्य पदाधिकारियों ने आगामी रणनीति पर चर्चा की। निर्णय लिया गया कि अगली जिला स्तरीय बैठक में धरना प्रदर्शन आगामी 21 अप्रैल को कलेक्ट्रेट भवन में आयोजित किया जाएगा। साथ ही संगठन अध्यक्ष ने बताया कि उनकी केंद्र सरकार से 10 सूत्रीय मांगें हैं। इन मांगों में प्रमुख रूप से आठवें वेतन आयोग का लाभ प्रदान करना शामिल है, जिसे सरकार द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। सभी पेंशनरों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

जिलाधिकारी के माध्यम मांगों को लेकर 21 अप्रैल को केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन का लक्ष्य अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए सरकार पर दबाव बनाना है।

इस बैठक में तहसील अध्यक्ष उदयभान सिंह, मंत्री प्रद्युम्न सिंह, रामलाल मिश्रा सहित कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे। उन्होंने बताया संगठन को मजबूत करने और अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के लिए हर रविवार को एक बैठक आयोजित की जाती है।

## भारत की परमाणु सफलता पर क्या बोला चीन?

### चौंकी दुनिया



**चीन**

**भारत** को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में मिली कामयाबी ने ना केवल पश्चिमी देशों को हैरान किया बल्कि हमारे पड़ोसी मुल्क चीन को भी तारीफ करने पर मजबूर कर दिया। तमिलनाडु के कलपक्कम में भारत के स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकिटी हासिल कर ली। यह कामयाबी इतनी बड़ी है कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने इसे दुनिया के लिए एक मिसाल बताया और सबसे बड़ी बात चीन की मीडिया ने भी भारत की इस सफलता को अपने यहां प्रमुखता से जगह दी।

दरअसल अक्सर भारतीय उपलब्धियों पर खामोश रहने वाली चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने इस बार भारत की सफलता को प्रमुखता से जगह दी। शिन्हुआ ने अपने रिपोर्ट में लिखा कि भारत ने अपने परमाणु कार्यक्रम में एक मील का पत्थर छू लिया है। भारत का सबसे उन्नत और स्वदेशी तकनीक से डिजाइन किया गया रिएक्टर अब पूरी तरह सक्रिय होने की स्थिति में आ गया है। चीनी मीडिया ने माना कि भारत अब अपने तीन चरणों वाले परमाणु कार्यक्रम के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में सफलतापूर्वक प्रवेश कर चुका है।

कहीं ना कहीं चीन के लिए भी एक बड़ा संकेत कि परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत अब आत्मनिर्भरता की उस दहलीज पर खड़ा है जहां उसे हराना मुश्किल होगा और सिर्फ चीन ही नहीं भारत की इस सफलता पर पूरी दुनिया में परमाणु सुरक्षा की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए के प्रमुख राफेल मैरियानी ग्रोसी ने भारत की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। उन्होंने इस सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी को बधाई देते हुए कहा कि यह रिएक्टर भारत के उज्जवल और स्वच्छ ऊर्जा के भविष्य के लिए एक बड़ा संकेत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आईएईए भारत के परमाणु कार्यक्रम को और सुरक्षित और मजबूत बनाने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहेगा। कुल मिलाकर देखा जाए तो भारत की सफलता पर इस वक्त पूरी दुनिया की नजर है।

आपको यहां पर यह भी बता दें कि भारत ने जो क्रिटिकिटी हासिल की है वो स्थिति है जब रिएक्टर के भीतर परमाणु फजन की प्रक्रिया अपने आप चलने लगती है और स्थिर हो जाती है। यानी अब यह रिएक्टर बिजली पैदा करने के लिए तैयार है।

आसान भाषा में समझा जाए तो यह रिएक्टर अपने आप लगातार चलने वाली परमाणु प्रक्रिया को संभाल सकता है। यानी यह सिर्फ ऊर्जा ही नहीं बनाएगा बल्कि जितना ईंधन इस्तेमाल करेगा उससे ज्यादा नया ईंधन भी तैयार कर सकेगा और यही इसकी सबसे बड़ी खासियत है। असल में यह पूरा प्रोजेक्ट भारत की तीन स्टेज वाली परमाणु योजना का अहम हिस्सा है। भारत के पास थोरियम का बड़ा भंडार है लेकिन उसे सीधा इस्तेमाल करना आसान नहीं होता।

## 80 साल बाद भारत को क्या देने वाला है इजरायल, कई देशों में हड़कंप!



**इजराइल**

**लगभग** 80 सालों से भारत के पड़ोस में एक नासूर है जिस पर आखिरकार दवाई छिड़कने का समय आ गया है। इतिहास में पहली बार इजराइल ने नासूर बन चुके पाकिस्तान के खिलाफ खुलकर वही बयान दिया है जो हमास के खिलाफ दिया गया था। आज गाजा में हमास ढूंढने के बाद भी नहीं मिल रहा। खबर है कि इजराइल की खुफि या एजेंसी मोसाद को अगला टारगेट पाकिस्तान दिया गया है। यह भारत के लिए भी एक बहुत बड़ा और सुनहरा मौका है। ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने वाली भारतीय एयरफोर्स के चीफ एपी सिंह अमेरिका पहुंचे हैं। भारतीय वायु सेना अध्यक्ष का अमेरिका पहुंचना एक बहुत बड़ा संकेत है। लेकिन सवाल है कि पाकिस्तान ने ऐसा क्या किया जिसके बाद मोसाद पाकिस्तान के पीछे हाथ धोकर पड़ गई है। दरअसल पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने ट्वीट कर दिया जिसमें इजराइल को शैतान और मानवता पर श्राप कह दिया। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि हम इस्लामाबाद में शांति वार्ता करवा रहे हैं। लेकिन इजराइल लेबनान में नरसंहार कर रहा है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जिन लोगों ने यूरोपीय यहूदियों से छुटकारा पाने के लिए फिलिस्तीन की जमीन पर इस कैंसर जैसे देश इजराइल को बनाया, वह सभी लोग नर्क में जले।

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री के इस बयान को सुनने के बाद इजराइल ने पहली बार पाकिस्तान को आतंकी देश बोलकर संबोधित किया है। इजराइल ने पहली बार खुलकर पाकिस्तान को लेकर अपनी फॉरेन पॉलिसी बदल ली है। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नितिन यू की तरफ से बयान आया है कि पाकिस्तान द्वारा इजराइल के विनाश का आवाहन करना अत्यंत आपत्तिजनक है। पाकिस्तान ने सीमा लांघ दी है। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा है कि इजराइल खुले तौर पर यहूदी विरोधी और झूठे आरोपों को बेहद गंभीरता से लेता है। हमारे देश को जिसने भी कैंसर बोला है उसका पूर्ण विनाश होकर रहेगा। इजराइल उन आतंकवादियों से अपनी रक्षा करेगा जिन्होंने हमारे विनाश की कसम खाई है। यानी इजरायली विदेश मंत्री गिदोनसार ने सीधे-सीधे पाकिस्तान को एक आतंकी देश बोल दिया है।

अमेरिका में इजराइल के राजदूत येल माइकल लीडर ने कहा है कि पाकिस्तान ने ईरान के आयतुल्लाओं की तरह हमारी मौत का नारा लगाया है। मैं ख्वाजा आसिफ को बोलना चाहता हूं कि आप कोई मध्यस्थ नहीं है। आप खुद एक समस्या हैं। हैरानी की बात देखिए कि जिस वक्त अमेरिका में इजराइल के राजदूत पाकिस्तान को मिटाने की धमकी दे रहे थे

उसी वक्त अमेरिका में भारतीय नौसेना अध्यक्ष एपी सिंह ने अमेरिकी एयरफोर्स चीफ से मुलाकात की है। हो सकता है कि पाकिस्तान पर संभावित एक्शन से पहले अमेरिका को जानकारी दी जा रही है। बहरहाल हजारों इजराइली लोगों ने पाकिस्तान को मिटाने की मांग शुरू कर दी है। दुनिया भर में रहने वाले यहूदियों ने कहा है कि पाकिस्तान अब हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा है।

## बेंजामिन नेतन्याहू की दो शर्तों पर बड़ा एक्शन

**लेबनान**

**लेबनान** के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम आने वाले दिनों में अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन उ्ळ की यात्रा पर जाने वाले हैं। लेबनान सरकार के एक सूत्र ने CNN को बताया कि यह यात्रा इजरायल के उस अनुरोध के बाद हो रही है, जिसमें उसने लेबनान के साथ सीधी बातचीत की मांग की थी। यह घटनाक्रम अमेरिका और ईरान के बीच दो हफ़्ते से चल रही उस नाज़ुक संघर्ष-विराम के बीच सामने आया है, जो अभी तक तो कायम है, लेकिन जिस पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। विवाद का एक मुख्य मुद्दा यह बना हुआ है कि क्या लेबनान में जारी हिंसक गतिविधियाँ इस संघर्ष-विराम के दायरे में आती हैं या नहीं। सीएनएन के अनुसार, संघर्ष-विराम के बावजूद, इजरायल ने लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाकर अपने हमले जारी रखे हैं।

लेबनान के अधिकारियों ने बताया कि इस हफ़्ते की शुरूआत में हुए हमलों की एक बड़ी लहर में कम से कम 300 लोगों की मौत हो गई, जिससे इस क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंकाएँ पैदा हो गई हैं। इससे पहले, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जोर देकर कहा था कि "लेबनान में कोई संघर्ष-विराम नहीं है।

## 11 पूर्व खिलाड़ियों ने लगाए गंभीर आरोप

**अमेरिका**

**अमेरिका** के एक प्रमुख विश्वविद्यालय से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा में है, जहां एक पूर्व एथलेटिक ट्रेनर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं और यह विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, नॉर्थ कैरोलिना स्टेट विश्वविद्यालय के पूर्व ट्रेनर रॉबर्ट मर्फी पर कई पूर्व छात्र-खिलाड़ियों ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि यह आरोप चिकित्सा उपचार के दौरान अनुचित व्यवहार से जुड़े हैं, जिसे लेकर कई खिलाड़ियों ने खुलकर अपनी बात रखी है।

गौरतलब है कि आरोपों के अनुसार, यह घटनाएं वर्ष 2013 से शुरू हुई थीं, जब एक खिलाड़ी ने विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया और शुरूआती दिनों में ही कथित तौर पर गलत व्यवहार का सामना किया। पीड़ितों का कहना है कि उस समय वे पेशेवर प्रशिक्षण के दबाव में थे और उन्होंने दर्द या असहजता को नजरअंदाज किया था।

मौजूद जानकारी के अनुसार, अब तक करीब 11 पूर्व खिलाड़ियों ने सामने आकर अपनी आपबीती साझा की है, जिनमें से कई ने अपनी पहचान गुप्त रखी है। बताया जा रहा है कि इन मामलों को लेकर एक दीवानी मुकदमा भी चल रहा है, जिसमें कई अन्य पूर्व खिलाड़ी भी शामिल हो चुके हैं।

बता दें कि वर्ष 2022 में एक पूर्व खिलाड़ी की शिकायत के बाद मामला औपचारिक जांच तक पहुंचा, जिसके बाद मर्फी ने विश्वविद्यालय छोड़ दिया था। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को पहले से इन आरोपों की जानकारी थी, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी।

गौरतलब है कि आरोपों में यह भी कहा गया है कि ट्रेनर खिलाड़ियों के निजी क्षेत्रों में अनुचित तरीके से हस्तक्षेप करते थे और कुछ मामलों में उन्हें असामान्य परीक्षण प्रक्रियाओं के दौरान असहज परिस्थितियों में रखा जाता था। वहीं मर्फी ने जांच में यह कहा कि वह खिलाड़ियों को उपचार के लिए बुलाने के लिए लॉकर रूम और स्नान क्षेत्र में जाते थे।

मौजूद जानकारी के अनुसार, यह मामला फिलहाल सीविल स्तर पर चल रहा है और अभी तक किसी आपराधिक सजा या दोषसिद्धि की पुष्टि नहीं हुई है।

## कैंडिस ओवेन्स और डोनाल्ड ट्रंप के बीच की दरार अब महज मतभेद नहीं, बल्कि एक खुली जंग बन चुकी है



**वाशिंगटन**

कैंडिस ओवेन्स और डोनाल्ड ट्रंप के बीच की दरार अब महज मतभेद नहीं, बल्कि एक खुली जंग बन चुकी है। जो ओवेन्स सालों तक ट्रंप की सबसे मुखर रक्षक और समर्थक मानी जाती थीं, अब उन्होंने ट्रंप के खिलाफ ऐसा मोर्चा खोला है जिसे नजरअंदाज करना नामुमकिन है। नीतिगत असहमतियों से शुरू हुआ यह सिलसिला अब बेहद निजी और कड़वे वार-पलटवार तक पहुँच गया है। ओवेन्स की हालिया 'दो-टूक' टिप्पणी ने सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक तहलका मचा दिया है। ट्रंप के कट्टर समर्थकों के खेमे में आई यह टूट अब सुर्खियां बटोर रही है, क्योंकि जिस आवाज ने कभी ट्रंप का साम्राज्य खड़ा करने में मदद की थी, वही अब उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर खड़ी है।

सालों तक, ओवेन्स ट्रम्प के सबसे मुखर समर्थकों में से एक थीं। इसी इतिहास की वजह से यह पल कुछ अलग सा महसूस हो रहा है। यह सिर्फ. आलोचना नहीं है। यह एक साफ-साफ अलगाव जैसा लगता है। जहाँ टकर कार्लसन और मेगिन केली जैसी अन्य कंजर्वेटिव हस्तियाँ ट्रम्प की बयानबाजी को लेकर चिंताएँ जता रही हैं, वहीं ओवेन्स ने ज्यादा सीधा रास्ता अपनाया है। उनके शब्दों ने सिर्फ. पलटवार ही नहीं किया।

## 4 साल से लड़ रहे रूस-यूक्रेन ने भी किया संघर्षविराम का ऐलान



**यूक्रेन**

**भले** यह अस्थायी संघर्षविराम हो, मगर एक ओर ईरान-अमेरिका-इजराइल टकराव में आई अस्थायी शांति और दूसरी ओर रूस तथा यूक्रेन के बीच घोषित बत्तीस घंटे का संघर्षविराम दुनिया के लिए कुछ पलों का सुकून लेकर आया है। हम आपको बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच यह युद्धविराम शनिवार शाम चार बजे से शुरू होकर रविवार रात तक प्रभावी रहेगा। क्रेमलिन ने साफ तौर पर अपने रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव के माध्यम से सेना प्रमुख वालेरी गेरासिमोव को आदेश दिया है कि सभी दिशाओं में सैन्य कार्रवाई रोक दी जाए। लेकिन साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि किसी भी उकसावे या आक्रामक कदम का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सैनिक पूरी तरह तैयार रहेंगे। यानी यह शांति उतनी ही नाजुक है जितनी बारूद के ढेर पर रखी एक चिंगारी। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल भी इसी तरह का तीस घंटे का संघर्षविराम देखा गया था, जो आरोप प्रत्यारोप के बीच दम तोड़ गया था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर उल्लंघन के आरोप लगाए थे और भरोसे की खाई और गहरी हो गई थी। इस बार भी हालात ज्यादा अलग नहीं हैं क्योंकि चार साल से चल रहे इस युद्ध ने दोनों देशों के बीच विश्वास को लगभग खत्म कर दिया है। उधर, जेलेंस्की ने इस संघर्षविराम को मानवीय जरूरत बताते हुए कहा कि लोग बिना डर के ईस्टर मना सकें, इसलिए यह जरूरी है। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि अगर रूस इस मौके को स्थायी शांति की दिशा में बदलता है, तो यह एक निर्णायक मोड़ हो सकता है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो मई में करेंगे भारत का दौरा



**वाशिंगटन**

**भारत** के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने वाशिंगटन स्थित व्हाइट हाउस में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की। तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे पर गए मिस्री और रुबियो के बीच हुई इस बैठक को काफी "सकारात्मक और उत्पादक" माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार, रक्षा और रणनीतिक संबंधों पर विस्तार से चर्चा की। मार्को रुबियो अगले महीने भारत की यात्रा पर आने वाले हैं, जिसे द्विपक्षीय रिश्तों को और मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। बैठक में मौजूद भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस मुलाकात की जानकारी साझा करते हुए लिखा, "व्हाइट हाउस में विक्रम मिस्री का स्वागत है! मार्को रुबियो के साथ एक सफल बैठक हुई, जिसमें व्यापार, रक्षा और क्वाड जैसे अहम मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

भारतीय दूतावास के अनुसार, मिसरी और लैंडौ ने द्विपक्षीय प्राथमिकताओं पर चर्चा की तथा पारस्परिक चिंता के क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी अपने विचार साझा किए। हूकर ने कहा कि उन्होंने और मिसरी ने इस बात पर चर्चा की कि भारत और अमेरिका रक्षा एवं अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में किस तरह और निकटता से मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम अमेरिकियों और भारतीयों, दोनों को अधिक सुरक्षित एवं समृद्ध बनाने के व्यावहारिक तरीके तलाश रहे हैं, जिनमें क्वाड के जरिये किए जा रहे प्रयास भी शामिल हैं। अमेरिका में भारत के दूतावास ने कहा कि हूकर और मिसरी ने पिछले साल दिसंबर में हुई विदेश कार्यालय परामर्श वार्ता के बाद से भारत-अमेरिका द्विपक्षीय एजेंडे की समीक्षा की। दोनों राजनयिकों ने पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम के साथ-साथ आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों पर भी अपने आकलन साझा किए। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ईरानी नेताओं के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद जा रहा है। युद्धरत पक्ष, पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुए दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हुए हैं। मिसरी ने अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी एफबीआई के निदेशक काश पटेल के साथ भी मुलाकात की। मिसरी एवं पटेल ने वाशिंगटन में हुई बैठक के दौरान आतंकवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों से निपटने में सहयोग पर चर्चा की।

अमेरिका में भारतीय दूतावास ने बृहस्पतिवार रात सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यविदेश सचिव विक्रम मिसरी ने आज एफबीआई (संघीय जांच ब्यूरो) के निदेशक काश पटेल से मुलाकात की। दोनों के बीच आतंकवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों से निपटने में भारत-अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

## अलग-अलग ऑपरेशन्स में कई आतंकी ऑपरेटिव्स को मार गिराया




**इजराइल**

**इजराइल** डिफेंस फोर्सेज ने गुरुवार को बताया कि उसने अलग-अलग ऑपरेशन्स में कई आतंकी ऑपरेटिव्स को मार गिराया है। इनमें दक्षिणी लेबनान में लेबनानी रेजिस्टेंस ब्रिगेड्स का एक सीनियर कमांडर और गाजा में 7 अक्टूबर के हमले में शामिल एक आतंकी शामिल है। टेलीग्राम पर जारी एक बयान में, क्ळ्क्ष ने कहा कि उसने बुधवार को दक्षिणी लेबनान के शेबा इलाके में लेबनानी रेजिस्टेंस ब्रिगेड्स के कमांडर के तौर पर पहचाने गए माहेर कासिम हमदान पर हमला किया और उसे मार गिराया। हमदान को आठ अन्य आतंकियों के साथ तब मार गिराया गया, जब वे कथित तौर पर शेबा इलाके से सिडोन की ओर भाग रहे थे।

IDF के अनुसार, हमदान इस ग्रुप के लिए भर्ती, हथियारों की सप्लाई और फंडिंग से जुड़ी गतिविधियों का ज़िम्मेदार था। क्ळ्क्ष ने बताया कि इस ग्रुप को हिज्बुल्लाह से सीधे तौर पर फंडिंग मिलती है और यह उससे जुड़ा हुआ है। सेना ने आगे कहा कि इस ग्रुप के सदस्य क्ळ्क्ष के जवानों और इजराइली नागरिकों पर हुए हमलों में शामिल रहे हैं। इजराइल सिक्योरिटी एजेंसी (करअ) के साथ जारी एक अलग संयुक्त बयान में, क्ळ्क्ष ने बताया कि उसने रविवार को उत्तरी गाजा पट्टी में इस्लामिक जिहाद से जुड़े एक आतंकी, अब्द अल-रहमान अम्मार हसन खुदारी को भी मार गिराया है। बयान में कहा गया है कि खुदारी ने कथित तौर पर 7 अक्टूबर के हमले के दौरान किबुत्ज निर ओज में घुसपैठ की थी और क्ळ्क्ष सैनिकों को निशाना बनाने के लिए आगे की कार्रवाई की योजना बना रहा था। क्ळ्क्ष ने आगे कहा कि इस हमले में हमास से जुड़े तीन और आतंकवादी भी मारे गए।

## छात्रों समेत दर्जनों लोग जबरन 'गायब'



**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** और कराची में कथित तौर पर जबरदस्ती गायब किए जाने की एक नई कड़ी ने पाकिस्तान में मानवाधिकारों की स्थिति को लेकर चिंताएँ और बढ़ा दी हैं। परिवारों और स्थानीय सूत्रों का दावा है कि पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया है और उनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, ये घटनाएँ इस क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे एक परेशान करने वाले सिलसिले के जारी रहने का संकेत देती हैं। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' के मुताबिक, 5 अप्रैल को पंजगुर ज़िले के पारूम इलाके में दो किशोर छात्रों को कथित तौर पर हिरासत में लिया गया। गायब हुए लोगों में 17 साल का एक लड़का और 18 साल का मरवान (हमजा का बेटा) शामिल है; ये दोनों ही शापतान के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों के बयानों से पता चलता है कि फ्रंटियर कोर के जवानों ने शाम करीब 5 बजे इन छात्रों को पकड़ा और उन्हें किसी अज्ञात जगह पर ले गए।

तब से लेकर अब तक, उनके परिवारों का दावा है कि उन्हें उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। एक अलग घटनाक्रम में, सुराब ज़िले में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा की गई कई छापों के दौरान कथित तौर पर 25 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया। जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनकी पहचान अभी साफ नहीं है, लेकिन इन ऑपरेशनों के बाद वहां के निवासियों में डर और अनिश्चितता का माहौल है। कुछ स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने ऋ्र कैंप के पास रहने वाले लोगों को अपने घर खाली करने का निर्देश दिया और चेतावनी दी कि अगर उन्होंने बात नहीं मानी, तो उन्हें इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

इस बीच, कराची के ल्यारी इलाके में, सुल्तान सईद नाम के एक युवक को कथित तौर पर गुल मोहम्मद लेन से हिरासत में ले लिया गया। उसके परिवार का दावा है कि उसे सुरक्षाकर्मियों ने हिरासत में लिया और किसी अज्ञात जगह पर ले गए।

उन्होंने यह भी बताया कि सईद जनवरी 2021 में भी लापता हो गया था और लगभग दो साल तक उसका कोई पता नहीं चला था, जिसके बाद वह फिर से सामने आया था; जैसा कि 'द बलूचिस्तान पोस्ट' ने अपनी रिपोर्ट में बताया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा